दैनिक सिंगाजी समाचार

मध्यप्रदेश का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

संपादक - राहुल बैरागी 9713803412

सिंगाजी समाचार | SINGAJISAMACHAR | SINGAJI NEWS 24 | SINGAJISAMACHAR79@GMAIL.COM | SINGAJI SAMACHAR

वर्ष—03 / अंक—150 / रायसेन, सोमवार, 30 सितम्बर 2024 / पृष्ठ—8 / कीमत 2.00 रुपये / RNI NO& MPHIN/2021/81069


# वन नेशन-वन इलेक्शन पर तीन बिल लाने की तैयारी में है मोदी सरकार

नई दिल्ली ■ एजेंसी

एक देश एक चुनाव को लेकर सरकार संसद में बिल लाने की तैयारी में है। सूत्रों के हवाले से ये खबर सामने आई है। सरकार के सूत्रों के मुताबिक सरकार तीन बिल लाएगी, जिसमें दो संविधान संशोधन बिल होंगें। हालांकि ये अभी तय नहीं है कि ये बिल सरकार संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में लाएगी या बजट में सत्र में। इसको लेकर जल्द ही सरकार के स्तर पर फैसला लिया जाएगा। बता दें कि मोदी कैबिनेट ने एक देश एक चुनाव पर बनी रामनाथ कोविंद समिति की सिफ़ारिशों को स्वीकार कर लिया था। समिति की रिपोर्ट में दो चरणों में चुनाव की सिफ़ारिश की गई है। पहले चरण में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव कराने की सिफारिश समिति ने की है। वही दूसरे चरण में स्थानीय निकाय के चुनाव कराए जाने की सिफ़ारिश की गई है। वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार करने के लिए मोदी सरकार ने पिछले साल सितंबर में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया था। कमेटी ने इस साल मार्च में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को 18 हजार 626 पन्नों की रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट में ये प्रस्ताव दिया गया था।



### एक्सपर्ट ने ये दिए सुझाव

- सभी राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल अगले लोकसभा चुनाव यानी 2029 तक बढ़ाया जाए।
- बहुमत नहीं मिलता है और अविश्वास प्रस्ताव पास हो जाता है तो बाकी 5 साल के कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं।
- पहले फेज में लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराए जा सकते हैं।
- 100 दिनों के भीतर दूसरा फेज होगा, जिसमें शहरी और ग्रामीण निकाय चुनाव कराए जाएंगे।
- सभी चुनावों के लिए कॉमन इलेक्टोरल रोल तैयार किया जाएगा।
- एक साथ चुनाव कराने के लिए उपकरणों, जनशक्ति और सुरक्षा बलों की एडवांस प्लानिंग की सिफारिश की है।

### ये आएंगी चुनौतियां

मोदी 3.0 के 100 दिन पूरे हुए तो सरकार का तूफानी स्टैंड आ गया। अब वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर सरकार की कोशिशें अपनी जगह हैं और विपक्ष के सवाल अपनी जगह। इसमें कोई शक नहीं कि वन नेशन वन इलेक्शन को लागू करने में चुनौतियां हैं, लेकिन ऐसी कोई चुनौती नहीं जिसे देश के फायदे के लिए मात नहीं दी जा सके।

### 62 सियासी दलों से ली गई राय

समिति ने एक देश-एक चुनाव पर रिपोर्ट तैयार करने के लिए 62 सियासी दलों से राय ली थी। इन राजनीतिक दलों में से 32 ने समर्थन, 15 ने विरोध और 15 ने इस पर जवाब देने से इनकार कर दिया था। जेडीयू ने जहां बिल का समर्थन किया है, तो वहीं चंद्रबाबू नायडू की पार्टी ने मामले में अपनी राय नहीं दी है। इतना ही नहीं मायावती ने इसका समर्थन किया है।

## हरियाणा : WhatsApp के खिलाफ एफआईआर दर्ज



**नई दिल्ली।** WhatsApp एक पॉपुलर मैसेजिंग ऐप है और देश में इसका इस्तेमाल करोड़ो लोग करते हैं। हाल ही के दिनों में साइबर ठगों ने इस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करके कई लोगों का बैंक खाता खाली कर दिया है। ऐसे में जब हरियाणा की गुरुग्राम पुलिस ने Whatsapp से जानकारी मांगी तो उन्होंने नहीं दी। इसके बाद Whatsapp निदेशकों और नोडल अधिकारी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक एक संवेदनशील मामले की जांच के दौरान गुरुग्राम पुलिस ने 17 जुलाई को WhatsApp को ईमेल के जरिए नोटिस भेजा था और जानकारी मांगी थी। इंस्टैंट मैसेजिंग ऐप ने इसमें भी कोई जानकारी नहीं दी और गैरकानूनी तरीके से आपत्ति भी जताई। 25 जुलाई को फिर से पूरी डिटेल भेजकर बताए गए मोबाइल नंबरों की जरूरी जानकारी मांगी गई। इसके बाद 28 अगस्त तक Meta के इस ऐप ने दोबारा पुलिस को कोई जानकारी नहीं दी । कई बार रिक्वेस्ट करने के बाद भी WhatsApp की तरफ से पुलिस को कोई जानकारी नहीं दी गई। इसके बाद पुलिस ने गैर-पेशेवर व्यवहार की वजह से इस विशेष मामले में आरोपियों को WhatsApp से मदद मिल रही है। शनिवार को गुरुग्राम के साइबर क्राइम ईस्ट पुलिस स्टेशन में WhatsApp के निदेशकों और नोडल अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज कर लिया गया।

### रक्षामंत्री राजनाथ ने बांदीपोरा में चुनावी रैली में कहा

# पाकिस्तान दोस्ताना संबंध रखता तो IMF से ज्यादा पैसे तो हम ही दे देते

नई दिल्ली ■ एजेंसी

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आईएमएफ के बेलआउट पैकेज पर चल रहे पड़ोसी देश पाकिस्तान को सलाह दी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगातार जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए पैसा देती है। उससे भी कम पैसे के लिए पाकिस्तान आईएमएफ की राह तकता है। रक्षामंत्री ने कहा कि पाकिस्तान को जितनी भी वित्तीय सहायता मिलती है वह उसका दुरुपयोग ही करता है। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान ने भारत के साथ दोस्ताना संबंध बनाए रखे होते तो हमने पाकिस्तान को पड़ोसी होने के नाते आईएमएफ से बड़ा बेलआउट पैकेज दिया होता।

न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक राजनाथ सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने 2014-15 में जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए एक विशेष पैकेज की घोषणा की थी, जो कि अब 90 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया है आज पाकिस्तान आईएमएफ से जितने पैसों की गुहार लगा रहा है, यह उससे कहीं अधिक है। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में चुनावी रैली में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जिक्र करते हुए कहा कि हमारे अटलजी ने कहा था कि हम दोस्त बदल सकते हैं लेकिन हम पड़ोसियों को नहीं बदल सकते। आज मैं पाकिस्तान से पूछना चाहता हूं कि मेरे पाकिस्तानी दोस्तों आखिर हमारे संबंधों में इतना तनाव क्यों है, हम पड़ोसी हैं कोई भी पड़ोसी को तकलीफ में नहीं देखना चाहता, अगर आपने हमारे साथ अच्छे संबंध रखे होते तो हम ऐसे ही आपकी मदद कर देते।

### आतंक के लिए दूसरों से पैसे मांगता है पाक



रक्षामंत्री ने कहा कि पाकिस्तान अपनी धरती पर आतंक की फैक्ट्री चलाने के लिए दूसरे देशों से पैसा मांगता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की हालत आज किसी से छिपी नहीं है उसने घाटी को अशांत करने के लिए हरसंभव प्रयास किए हैं। हमारी कश्मीर घाटी में जब इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत को बयाल करने का वाजपेयी जी का सपना पूरा हो जाएगा तो एक बार फिर से हमारा कश्मीर धरती का स्वर्ग बन जाएगा। रक्षामंत्री ने कहा कि जब भी कोई आतंकी घटना हुई और उसकी जांच की गई तो हमने उसमें पाकिस्तान की संलिप्तता पाई। भारत में जो भी सरकार रही उसने पाकिस्तान को समझाने की कोशिश की है कि आतंकी शिविर बंद कर दो, लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ। आज जबसे 370 हटाया गया है पाकिस्तान हताशा और निराशा में धंसा हुआ है वह लगातार कोशिश कर रहा है कि कैसे भी करके आतंक को पुनर्जीवित किया जाए। राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान नहीं चाहता कि कश्मीर घाटी में लोकतंत्र अपनी जड़े जमा पाए, लेकिन आज हमारा देश इतना मजबूत है कि वह अपनी धरती पर पाकिस्तान के किसी भी षड़यंत्र का मुकाबला कर सकता है। अगर पाकिस्तान की तरफ से कोई भी हमला होता है तो हम सीमा पार कर जवाब दे सकते हैं।

### पाकिस्तान को सता रहा हमले का डर

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान किसकदर बैकफुट पर नजर आ रहा है, ये वहां के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की ओर से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में दिए गए हालिया संबोधन से समझा जा सकता है। पाकिस्तान के पीएम ने कहा कि भारत लगातार अपनी सैन्य ताकत बढ़ा रहा है। उनको डर है कि इसका इस्तेमाल पाकिस्तान के खिलाफ किया जा सकता है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र से इस पर ध्यान देने की अपील की। आतंक का पनाहगाह पाकिस्तान जिस तरह से खौफ में नजर आ रहा वो चौंकाने वाला है। कहीं न कहीं भारत इस बात को समझ रहा तभी तो साम वाला दांव आजमाते हुए पड़ोसी मुल्क को उन्हीं की भाषा में समझाने की कोशिश की है।

## इतनी जल्दी नहीं मरूंगा, मोदी को हटाने तक जिंदा रहूंगा

### जम्मू में भाषण के दौरान बेहोश हुए खड़गे

श्रीनगर ■ एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मंच पर बेहोश हो गए। खड़गे कठुआ में जाने गंवाने वाले कॉन्स्टेबल को श्रद्धांजलि दे रहे थे, तभी उनकी तबीयत बिगड़ गई। इस बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने फोन कर खड़गे से उनकी सेहत का हालचाल जाना। भाषण देते समय खड़गे की आवाज धीमी होती चली गई और अचानक वे बेसुध हो गए। इसके चलते भीड़ में अफरा-तफरी मच गई। मंच पर खड़े लोगों ने उन्हें सहारा देकर बैठाया। इसके बाद उनके भाषण को रोक दिया गया। तबीयत ठीक होने के बाद खड़गे वापस मंच पर आए और कहा कि मैं 83 साल का हो गया हूं, लेकिन इतना जल्दी मरने वाला नहीं हूं। जब तक मोदी को हटाएंगे नहीं, मैं जिंदा रहूंगा। आपकी बात सुनता रहूंगा। जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के लिए बात रखता रहूंगा।



### पीएम मोदी ने फोन करके जाना सेहत का हाल

पीएम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मल्लिकार्जुन खड़गे से फोन पर बात कर उनका हालचाल जाना और स्वास्थ्य के बारे में जानकारी भी ली। दरअसल जब खड़गे संबोधित कर रहे थे, उसी दौरान वे आतंकी हमले में शहीद जवानों को लेकर भावुक हो गए। खड़गे ने भावुक होकर कहा, जब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ता में हैं और भाजपा देश पर शासन कर रही है, मैं न तो चैन से बैठूंगा और न ही मरूंगा। भाषण देने के दौरान वो कुछ देर के लिए असहज महसूस करने लगे, लेकिन तुरंत ही अपने आप को संभाल लिया।

## महाराष्ट्र : मोदी ने देश को समर्पित किया बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को महाराष्ट्र में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये राज्य में 11,200 करोड़ से अधिक लागत की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने जिला न्यायालय से स्वारगेट तक पुणे मेट्रो सेक्शन और सोलापुर हवाई अड्डे का उद्घाटन किया।

## शॉर्ट न्यूज

### CM योगी के मंच पर दिखा नूंह हिंसा का आरोपी

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान नूंह हिंसा का आरोपी बिट्टू बजरंगी यूपी के CM योगी आदित्यनाथ के साथ मंच पर दिखा। यहां उसने फरीदाबाद की NIT(86) विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी को समर्थन देने का ऐलान किया। इसी सीट से बिट्टू बजरंगी ने निर्दलीय चुनाव लड़ने के लिए नामांकन दाखिल किया था।

### सीतामढ़ी में बांध टूटा, 15 गांवों में बाढ़ का पानी घुसा

**पटना।** सीतामढ़ी जिले के बेलसंड प्रखंड स्थित मधकौल गांव के समीप बागमती तटबंध में माउस होल से हो रहे रिसाव के कारण बांध टूट गया, जिससे 15 गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है। इससे 25 हजार की आबादी प्रभावित हो गई है। इस घटना ने स्थानीय समुदाय के लिए गंभीर संकट उत्पन्न कर दिया है।

### कुमारस्वामी ने ADGP को बताया ब्लैकमेलर

**बंगलूरू।** केंद्रीय मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने लोकायुक्त के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एम. चंद्रशेखर को ब्लैकमेलर और अपराधी करार दिया। चंद्रशेखर 2007 के खनन पट्टा मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) प्रमुख हैं। कुमारस्वामी ने मीडिया से कहा कि समय आने पर मैं मामले का खुलासा करूंगा।

### कठुआ के बाद अब राजोरी में आतंकियों से मुठभेड़

जम्मू-कश्मीर। कठुआ के बाद अब राजोरी में रविवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो गई। आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में जानकारी मिली थी, जिसके बाद राजोरी के थानामंडी पुलिस स्टेशन के अंतर्गत मनैल गली में सुरक्षा बलों द्वारा एक तलाशी अभियान चलाया गया।

## जम्मू-कश्मीर : तीसरे और अंतिम फेज के लिए शोर थमा

श्रीनगर ■ एजेंसी

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण के लिए प्रचार अभियान रविवार शाम को समाप्त हो गया। इस चुनाव में प्रमुख राजनीतिक दलों भाजपा, कांग्रेस, एनसी और पीडीपी के बीच पाकिस्तान, अनुच्छेद 370, आतंकवाद और आरक्षण सहित कई मुद्दे हावी रहे।

**भाजपा के लिए बहुत कुछ दांव पर**

जम्मू क्षेत्र के सात जिलों जम्मू, उधमपुर, सांबा और कठुआ और उत्तरी कश्मीर के बारामुल्ला, बांदीपोरा और कुपवाड़ा के 40 विधानसभा क्षेत्रों को कवर करने वाले इस फेज के लिए 1 अक्टूबर को मतदान होना है। पूर्व उपमुख्यमंत्री तारा चंद (कांग्रेस) और मुजफ्फर बेग सहित 415 उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत दांव पर है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव प्रचार में पिछले 10 वर्षों में पार्टी की ओर से किए गए काम पर जोर दिया। एम ए एम स्टेडियम में एक रैली में उन्होंने जोर देकर कहा कि जम्मू और कश्मीर के लिए केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा केवल अस्थायी है। रैली में उन्होंने राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा किया।



### 8 अक्टूबर को आएंगे नतीजे

पहले फेज में वोटर्स की संख्या काफी अच्छी रही थी। 18 सितंबर को पहले चरण में 61.38 प्रतिशत और 26 सितंबर को दूसरे चरण में 57.31 प्रतिशत मतदान हुआ था। अगस्त 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद से जम्मू और कश्मीर में यह पहला विधानसभा चुनाव है, जिसके नतीजे 8 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे।

### इन नेताओं ने किया प्रचार

गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने सक्रिय रूप से प्रचार किया है। इन नेताओं ने कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) पर पाकिस्तानी एजेंडा को आगे बढ़ाने और आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा सहित कांग्रेस नेताओं ने भी जम्मू-कश्मीर में राज्य का दर्जा बहाल करने और एनसी के साथ गठबंधन में लोगों के अनुकूल सरकार बनाने का वादा करते हुए जोरदार प्रचार किया।

## कोलकाता रेप मर्डर केस में आज होगी सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई

कोलकाता ■ एजेंसी

कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने रविवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का दौरा किया। सुप्रीम कोर्ट में स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के बलात्कार-हत्या मामले की सुनवाई से एक दिन पहला उनका यह दौरा हुआ है। सूत्रों ने बताया कि वर्मा ने अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया, वहां मौजूद पुलिसकर्मियों से बात की और आपातकालीन विभाग का भी दौरा किया।

पुलिस आयुक्त का यह दौरा बलात्कार-हत्या मामले की सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में पुनः सुनवाई से एक दिन पहले हुआ है। 15 अगस्त की सुबह अस्पताल पर भीड़ ने हमला कर, सरकारी अस्पताल के आपातकालीन विभाग में तोड़फोड़ की थी। यह घटना कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा बलात्कार-हत्या मामले की जांच सीबीआई को सौंपने के आदेश के ठीक एक दिन बाद हुई थी। अब कोलकाता पुलिस अस्पताल में हुई तोड़फोड़ की जांच कर रही है।

### डॉक्टरों ने फिर काम किया बंद

अपनी सहकर्मी के लिए न्याय की मांग को लेकर एक महीने से अधिक समय तक चले आंदोलन के बाद काम पर लौटे जूनियर डॉक्टरों ने शनिवार रात कहा था कि सुनवाई के बाद वह पूरे बंगाल के सभी अस्पतालों में हड़ताल शुरू कर देंगे। डॉक्टरों ने यह निर्णय राज्य सरकार द्वारा उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के अपने वादे में विफल रहने के बाद लिया है। जूनियर डॉक्टरों का कहना था कि अस्पताल में शुक्रवार को एक मरीज के परिजनों द्वारा अस्पताल के डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ पर हमले के बाद, हमने अपनी सुरक्षा के बारे में पश्चिम बंगाल सरकार के आश्वासन में सारी आशा खो दी है। डॉक्टरों ने आरोप लगाया कि सगोर दत्ता अस्पताल में हुए हमले से पता चलता है कि राज्य सरकार उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के अपने वादे को निभाने में पूरी तरह से विफल रही है। जूनियर डॉक्टरों में से एक ने कहा, हम राज्य को कुछ समय दे रहे हैं और सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में हमारी सुरक्षा के संबंध में उनकी दलीलें सुनना चाहते हैं। फिर शाम 5 बजे से काम बंद कर देंगे।

### उप्र में काली करतूत : तीन छात्रों ने किया शर्मसार, एफआईआर दर्ज

# महिला टीचर के AI से अश्लील फोटो बनाकर किए वायरल

मुरादाबाद ■ एजेंसी

शहर के एक स्कूल के नौवीं के छात्रों की काली करतूत ने गुरू परंपरा को शर्मसार कर दिया। छात्रों ने महिला टीचर के एआई से अश्लील फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। इस मामले में पहले दो बच्चों के नाम सामने आए थे, लेकिन अब एक और बच्चे के शामिल होने की जानकारी मिली है। महिला शिक्षक ने तीन छात्रों के खिलाफ थाना सिविल लाइंस में एफआईआर दर्ज कराई है। प्रबंधन ने छात्रों को स्कूल आने से रोक दिया है।

महिला शिक्षक ने एफआईआर में लिखा है कि मुझे अपने अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने की जानकारी मिली है। यह मेरे लिए बहुत ही परेशान करने वाली खबर थी। मुझे इससे बहुत ही मानसिक पीड़ा से गुजरना पड़ रहा है। यह और भी पीड़ादायक हो जात है, जब पता चलता है कि यह मुझसे पढ़ने वाले छात्रों ने किया है। वह नौवीं कक्षा में पढ़ते हैं।



उन्होंने सभी मर्यादाओं को तार-तार करते हुए शिक्षक की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने एआई के जरिए मेरी फोटो अश्लील बनाकर छात्रों के अलग-अलग ग्रुप्स में वायरल करने का घिनौना काम किया है।

### दूसरी महिला शिक्षकों और छात्राओं को दी धमकी

छात्रों ने कई और महिला शिक्षकों व छात्राओं को धमकी दी कि वह उनकी भी फोटो एआई से बनाकर वायरल कर देंगे। मैं यह बता नहीं सकती हूं कि किस मानसिक तनाव से मुझे गुजरना पड़ रहा है। आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### मामले में तीसरे बच्चे का भी सामने आया नाम

एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने जानकारी दी कि मामले की जांच करने पर तीसरे बच्चे का भी नाम सामने आया है। अभी मामले की और तह तक जा रहे हैं। छात्रों के अभिभावकों से भी बात की जाएगी।

# मॉकड्रिल : उपद्रवियों को खदड़ने पुलिस ने किए हवाई फायर, छोड़े आंसू गैस के गोले



**मुरैना ▪ एजेंसी**

एसएएफ परेड ग्राउंड पर रविवार की सुबह पुलिस टीम और उपद्रवियों का आमना-सामना हो गया। भीड़ में आए उपद्रवियों ने पुलिस टीम पर पथराव शुरू कर दिया, जिसमें तीन से चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। उपद्रवियों को काबू करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे, तब हालात काबू हुए। यह कोई घटना असल में नहीं बल्कि, पुलिस द्वारा करवाए गए माकड्रिल में नाटकीय घटनाक्रम था।

### त्योहारों को लेकर मॉक ड्रिल की गई

त्योहारी सीजन में उपद्रव की घटनाएं नहीं हों, बदमाशों में पुलिस का डर बैठे, इस उद्देश्य से रविवार की सुबह मुरैना पुलिस द्वारा मॉकड्रिल का आयोजन हुआ। इस मॉकड्रिल में आधे पुलिसकर्मियों को जनता की भीड़ के रूप में बनाया गया, जिन्होंने कुछ देर बाद उपद्रव शुरू कर दिया।

### पुलिस अफसरों ने पहले दी चेतावनी

पुलिस अफसरों ने पहले लाउडस्पीकर पर चेतावनी दी, तो उपद्रवियों की ओर से पत्थर फिंकना शुरू हो गया, जिससे तीन-चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। इसके बाद पुलिस टीम ने मोर्चा संभाला। घायलों को तत्काल एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद उपद्रवियों पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए। मॉकड्रिल में चलाए गए आंसू गैस के गोलों से इतनी गैस निकली कि उसकी चपेट में वीआईपी रोड से गुजर रहे राहगीर और प्रदर्शन देख रहे लोग भी परेशान हो गए। इस दौरान एएसपी डॉ. अरविंद ठाकुर, आरआई कनक सिंह चौहान, टीआई आलोक परिहार, अमर सिंह सिकरवार, वीरेश कुशवाह, डिंपल मौर्य आदि शामिल हुए।

नाबालिग से दुष्कर्म मामले में परिजन का आरोप

# कहा- एक नहीं तीन थे नोंचने वाले, दो को पुलिस बचा रही

**पन्ना ▪ एजेंसी**

पन्ना जिले के बृजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 25-26 सितंबर देर रात्रि नाबालिग के साथ सामुहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया था। अब परिजन ने तीन आरोपियों के नाम बताते हुए कहा कि नाबालिग लड़की खेत में बेसुध हालत में मिली थी। जबकि पुलिस ने उक्त में मामले को दुष्कर्म में तब्दील करते हुए एक आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता फिलहाल जिला अस्पताल में भर्ती है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार बृजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में 25-26 सितम्बर की रात्रि करीब 1:30 बजे नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म हुआ था। घटना के संबंध में पीड़ित की मां ने बताया कि लड़की मेरे साथ घर में सो रही थी। पिता घर से बाहर काम करने गए थे, लेकिन जब मेरी नींद खुली तो लड़की नहीं मिली। उसने आसपास तलाश किया और मोहल्ले वालों को जगाया। गांव के लोगों ने लड़की की तलाश की जो कि घर से दूर खेत में बेसुध हालत में मिली। आरोपियों को भागते हुए परिजन व ग्रामीणों ने देखा। पुलिस मौके पर पहुंची। मामले में पुलिस ने एक आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### पुलिस पर लगे आरोप

पीड़िता की मां और पिता ने बताया कि घटना में तीन आरोपी शामिल थे। लेकिन थाना प्रभारी ने एक ही युवक को आरोपी बनाया है। हम तीनों आरोपियों पर कड़ी कारवाही चाहते हैं, जिससे हमारी लड़की को न्याय मिल सके। पन्ना SP साईं कृष्ण थोटा ने बताया कि संबंधित दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को अभी चिन्हित किया गया है। जिसे गिरफ्तार भी कर लिया गया है। मामले की जांच चल रही है यदि और आरोपी होंगे तो उनके खिलाफ भी मामला दर्ज किया जाएगा।




### जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों ने की दुष्कर्म पीड़िता से मुलाकात

मामले में जिला कांग्रेस और महिला कांग्रेस के सदस्यों ने महिला से मुलाकात की। परिजन ने बताया कि बच्ची के साथ अन्याय हुआ है। गरीब हैं इसलिए मामले को दबाया जा रहा है। पुलिस की भूमिका संदिग्ध है। साथ ही पन्ना जिला भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा का संसदीय क्षेत्र है, इस घटना के आरोपियों को बचाने में यह भी जिम्मेदार हैं।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि गैंग रेप के मामले को दबाकर पुलिस ने बच्ची सहित पूरे समाज के साथ अन्याय किया है। जहां अब बच्ची को न्याय के लिए कांग्रेस सड़कों पर उतरेगी। एडवोकेट अनुपमा खरे ने कहा कि बच्चियों से मुलाकात हुई है। बच्ची के साथ तीन लोगों ने रेप किया है। गैंगरेप हुआ है। आरोप है कि बच्ची के साथ अन्याय हुआ है रक्षक ही भक्षक बने हुए हैं। 3 आरोपियों को पकड़ने के बाद अन्य दो आरोपियों को छोड़ दिया गया।

**PCC चीफ ने की बात :** इस पूरी घटना के तूल पकड़ने के बाद कांग्रेसी पीड़िता के परिजन से मिलने पहुंचे और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी फोन पर परिजन की बात कराई, जहां परिजन ने अपनी आप-बीती साझा की। उन्होंने भी परिजन को सांत्वना दी और कार्यवाही होने की बात कही है।

## जहर खाने से बिगड़ी तबीयत, भोपाल रैफर

**हरदा ▪ एजेंसी**

छीपाबड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत चार साल की मासूम के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी सुनील पिता जगन्नाथ कोरकू (22) घटना के सातवें दिन रविवार को पुलिस की गिरफ्त में आ गया। उसे रहटगांव के पास मोहनपुर स्थित माता मंदिर के नजदीक पकड़ा गया। उसके मोहनपुरा के पास होने की सूचना मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जुट गए। ग्रामीणों ने उसे मारने की कोशिश भी की, लेकिन किसी तरह पुलिस ने उसे वाहन में बैठाकर सुरक्षित जिला अस्पताल पहुंचा दिया। मेडिकल जांच में पता चला कि आरोपी ने जहर का सेवन कर लिया है, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे भोपाल रैफर कर दिया। जिला अस्पताल में भी सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। पुलिस को जिला अस्पताल का मुख्य गेट बंद करना पड़ा।

गेट पर भारी संख्या में पुलिस जवान तैनात किए गए। इसके बाद भी भीड़ कंट्रोल नहीं हो पा रही थी। गौरतलब है कि कुरकुरे दिलाने के बहाने आरोपी मासूम को नदी किनारे ले गया था, जहां उसने दुष्कर्म किया। आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस ने 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। हैरान करने वाली बात यह है कि आरोपी पहले भी दुष्कर्म के एक मामले में 3 साल जेल की सजा काट चुका है।



### इधर-उधर भाग रहा था आरोपी

पुलिस को शनिवार शाम को सूचना मिली थी कि आरोपी रहटगांव क्षेत्र में देखा गया है। इसके बाद दर्जनों पुलिसकर्मी एसपी अभिनव चौकसे की मौजूदगी में आरोपी को खेतों में ढूंढने लगे, लेकिन रात में उसका कहीं पता नहीं चला। रविवार सुबह आरोपी मोहनपुर माता मंदिर के पास से पकड़ा गया। ग्रामीणों और पुलिसकर्मियों दोनों ने मिलकर उसे दबोचा। एसपी चौकसे ने बताया कि आरोपी सुनील मोहनपुर के पास से पकड़ा गया है। उसे गिरफ्तार कर मेडिकल जांच के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जांच में पता चला कि उसने जहर खा लिया है। इसके बाद उसे भोपाल रैफर किया गया है।

जिला अस्पताल में आरोपी की जांच करने वाले नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश सतीजा ने बताया कि सल्फास का सेवन करने से आरोपी की तबीयत बिगड़ी है। प्रारंभिक उपचार देकर भोपाल रैफर किया है। उसकी हालत नाजुक है।

## चौकीदार के बेटे ने किया यूकेजी की छात्रा का यौन शोषण

**रतलाम**। शहर के औद्योगिक थाना क्षेत्र में स्थित एक निजी स्कूल में यूकेजी में अध्ययनरत करीब पांच वर्ष की बालिका के साथ स्कूल के ही करीब 16 वर्षीय छात्र द्वारा छेड़छाड़ करने का मामला सामने सामने आया है। पुलिस ने आरोपी छात्र के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। दसवीं का छात्र स्कूल के चौकीदार का पुत्र है। आरोपी छात्र को रविवार को बाल न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, घटना 24 सितंबर की है। स्वजन को जब छेड़छाड़ की घटना पता चली तो वे 28 सितंबर की सुबह पहले स्कूल पहुंचे तथा प्रबंधन को शिकायत की। इसके बाद थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। बालिका की मां ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उनकी पुत्री को उनकी बहन स्कूल छोड़ने तथा वहां से लाने का काम करती है। दो-दिन से पुत्री को बुखार आ रहा था।

**शरीर बुखार से तप रहा था :** 27 सितंबर की रात बालिका टायलेट के लिए उठी तो उसने शरीर में जलन होने की जानकारी दी। पूछने पर उसने बताया कि एक लड़का गंदी हरकत करता है। इस दौरान उसकी मौसी को याद आया कि 24 सितंबर को जब वह बालिका को घर लेकर आ रही थी, तब बालिका के टीशर्ट के बटन खुले हुए थे, उसका शरीर लाल था तथा बुखार से तप रहा था। बालिका को जब स्कूल में ले गए। स्कूल में वह चौकीदार के कमरे में लेकर गई वहां एक लड़का (आरोपी) खड़ा था, जिसे देखकर बालिका ने बताया कि उसने ही गलत हरकत की है।

झाबुआ में ABVP का हंगामा

# स्कूल में 'जय श्री राम' बोलने पर छात्रों को सजा देने का आरोप

**झाबुआ ▪ एजेंसी**

झाबुआ जिले में एक निजी स्कूल के खिलाफ अभिभावकों और ABVP के कार्यकर्ताओं ने इस आरोप पर मोर्चा खोल दिया कि संस्थान के एक शिक्षक ने 'जय श्री राम' बोलने पर बच्चों को सजा दी। अभिभावकों ने आरोप लगाया कि शिक्षक ने बच्चों से कहा कि उनको केवल 'गुड मॉर्निंग' बोलने की इजाजत है। 'जय श्री राम' या 'राम राम' स्कूल में नहीं बोला जा सकता है। मामले की जानकारी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र संगठन को लगी तो हंगामा हो गया। ABVP के कार्यकर्ताओं ने बच्चों के साथ मिलकर स्कूल का घेराव कर दिया और हंगामा करने लगे। उन्होंने स्कूल प्रबंधन से शिक्षक पर कार्यवाही की मांग की।

घटना की जानकारी जब स्थानीय प्रशासन को लगी तो अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच के बाद कार्रवाई किए जाने का भरोसा दिया। बताया जाता है कि झाबुआ जिले के थांदला विकासखंड के खवासा गांव के बचपन स्कूल में छात्रों को 'जय श्री राम' बोलने पर सजा देने का आरोप लगा अभिभावकों ने प्रिंसिपल से शिकायत की। अभिभावकों ने आरोप लगाया कि स्कूल के एक शिक्षक ने बच्चों को निर्देश दिया था कि उन्हें केवल 'गुड मॉर्निंग' कहना होगा।



शिक्षक पर आरोप है कि उसने बच्चों से कहा कि 'जय श्री राम', 'राम-राम काका', 'राम श्याम' स्कूल परिसर के बाहर बोलना है। स्कूल परिसर के अंदर सभी छात्रों को गुड मॉर्निंग और गुड इवनिंग बोलना पड़ेगा। स्कूल के बच्चों ने यह बात अपने परिजन को बताई, जिसके बाद परिजन भड़क गए। अभिभावक स्कूल पहुंचे और प्राचार्य से इसकी शिकायत की। इसी बीच घटना की जानकारी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं को लगी।

इसके बाद ABVP के कार्यकर्ताओं ने स्कूल पहुंचकर हंगामा खड़ा कर दिया। ABVP के कार्यकर्ताओं ने स्कूल प्रशासन से कार्रवाई की मांग की और कहा कि स्कूल प्रबंधन ऐसा नियम नहीं थोप सकता है। यह हमारी संस्कृति पर हमला है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकेगा। इस मामले को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी दीपेश सोलंकी ने कहा कि उनको मीडिया से इस घटना की जानकारी लगी है। जांच करा कर जरूरी कार्रवाई की जाएगी।

## पति दूसरी महिला को स्कूटी पर बिठाकर घुमा रहा था, हाईवे पर पत्नी ने पकड़ा, मचा बवाल

**छतरपुर ▪ एजेंसी**

छतरपुर में पति-पत्नी और वो का मामला सामने आया है। पति अपनी महिला मित्र को स्कूटी पर बैठाकर घुमा रहा था, तभी पत्नी ने देख लिया। पीछा किया और पति को पकड़ लिया। बीच सड़क पर जमकर हंगामा किया। पति-पत्नी की लड़ाई में तीसरी महिला भागने की कोशिश करती रही।

जानकारी के मुताबिक टीचर पति किसी दूसरी महिला को मुंह बांधकर स्कूटी पर घुमा रहा था। जिसे वहां से गुजर रही उसकी पत्नी ने देख लिया और पत्नी ने बीच सड़क पर पकड़ लिया और स्कूटी से गिरा दिया और इस महिला से चेहरा दिखाने की बात कहने लगी। वहीं अन्य महिला वहां से भागने का प्रयास करती और बीच सड़क पर जो जमकर हंगामा हुआ। राहगीरों ने विवाद का वीडियो बना लिया, जो वायरल हो रहा है।



**चार साल से चल रहा कोर्ट में तलाक का केस :** पता चला है कि पति-पत्नी के बीच चार साल से तलाक का केस कोर्ट में विचाराधीन है। वहीं जब पत्नी अपने परिवार के साथ कार से कहीं जा रही थी इसी दौरान उसका पति महिला को स्कूटी पर बिठाए दिख गया। फिर क्या था जमकर बबाल हुआ और पत्नी ने अपने पति की इस दशा/करतूत का वीडियो भी बनाया है। हालांकि मामले में कहीं कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई है।

## मैहर में हादसा, 9 यात्रियों की मौत यूपी से नागपुर जा रही थी बस



**मैहर ▪ एजेंसी**

मैहर के पास यात्रियों से भरी एक बस हादसे की शिकार हो गई। जानकारी के मुताबिक, बस तेज रफ्तार में थी। वह सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में अब तक 9 यात्रियों की मौत हो चुकी है। वहीं 23 के करीब यात्री घायल बताए जा रहे हैं। मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। बस उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से नागपुर जा रही थी। यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर मैहर के पास नादन देहात थाना क्षेत्र में हुआ है।

**गैस कटर की मदद से यात्रियों को निकाला बाहर :** जानकारी के मुताबिक, आभा ट्रेवल्स की स्लीपर बस शनिवार रात 11 बजे प्रयागराज से नागपुर जा रही थी। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर सड़क किनारे एक ट्रक खड़ा था। बस की रफ्तार काफी तेज थी। तभी बस ट्रक से टकरा गई। तेज स्पीड होने के चलते बस की आधी चेसिस और बॉडी टूटकर बिखर गई। हादसे के बाद यात्री बस के अंदर फंस गए। जेसीबी और गैस कटर की मदद से यात्रियों को बाहर निकाला गया।

**अब तक 9 यात्रियों की मौत :** बस की केबिन और आगे की सीटों पर बैठे यात्री हादसे की जद में आ गए। घटनास्थल पर ही 6 यात्रियों की मौत हो गई। आनन-फानन में अन्य यात्रियों को एंबुलेंस की मदद से देर रात अमरपाटन और मैहर के अस्पतालों में भेजा गया। मृतकों की संख्या बढ़कर अब 9 हो चुकी है। वहीं 23 यात्री इस हादसे में घायल हो गए हैं।

# अतिथि शिक्षकों ने रोका शिवराज का काफिला

**भोपाल ▪ एजेंसी**

अतिथि शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदेश के पूर्व सीएम और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का काफिला रोक लिया। दरअसल रविवार को शिवराज नसरुल्लागंज जा रहे थे इस दौरान अतिथि शिक्षकों ने काफिले को रोक कर शिवराज सिंह चौहान को अपनी पीड़ा बताई। एक अतिथि शिक्षक ने महापंचायत की घोषणा पूरी होगी या नहीं, इसे लेकर सवाल पूछा जिस पर शिवराज सिंह ने एक बार फिर से आश्वासन दिया है। अतिथि शिक्षकों ने जैसे ही शिवराज सिंह चौहान का काफिला रोका, सबसे पहले अतिथि शिक्षकों ने डीपीआई द्वारा उन्हें निकालने की बात बताई। जिस पर शिवराज सिंह चौहान ने आश्चर्य व्यक्त किया।



अतिथि शिक्षक ने शिवराज से पूछा कि आप महापंचायत की घोषणा पूरी करवा सकते हैं तो हां या ना जो भी आपका जवाब हो आज ही हमें बता दें। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं अपनी घोषणाएं पूरी करवाऊंगा। उन्होंने कहा कि इसे लेकर मैं बात करुंगा।

**पूर्व सीएम शिवराज ने महापंचायत की थी ये घोषणाएं :** अतिथि शिक्षकों को पीरियड नहीं महीने के हिसाब से मानदेय दिया जाएगा। एक साल के लिए पूरा अनुबंध होगा, जो हर साल आगे बढ़ाया जाएगा। शिक्षक भर्ती 25% का आरक्षण था। उसे बढ़ाकर 50% किया जाएगा। हर महीने एक निश्चित तारीख पर मानदेय मिलने की व्यवस्था की जाएगी। पात्रता परीक्षा लेकर अतिथि शिक्षकों को नियमित करने की दिशा में योजना बनाई जाएगी। साल के बीच में कोई गैप नहीं होगा। ना तो किसी अतिथि शिक्षक की सेवा समाप्त की जाएगी।

**दो अक्टूबर भोपाल में बड़ा प्रदर्शन :** अतिथि शिक्षक अपनी मांगों के लेकर कई बार प्रदर्शन कर चुके हैं। एक बार फिर से राजधानी भोपाल में 2 अक्टूबर को अतिथि शिक्षकों का बड़ा आंदोलन है। अतिथि शिक्षकों से जुड़े सभी सोशल मीडिया ग्रुप में इसे लेकर मैसेज भेजे जा रहे हैं। जनकारी के अनुसार 1 अक्टूबर की रात से अतिथि शिक्षक भोपाल पहुंचने लगेंगे।

## वन अधिकारियों पर ट्रैक्टर-ट्रॉली चढ़ाने की कोशिश

**छतरपुर ▪ एजेंसी**

जिले में अवैध रेत खनन करने वालों ने रविवार को वन अधिकारियों पर ट्रैक्टर-ट्रॉली चढ़ाने की कोशिश की। अवैध रेत खनन करने वालों ने अधिकारियों पर हमला कर दिया और निर्माण सामग्री से लदे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भाग गए। यह घटना रविवार को गुलगंज थाना क्षेत्र के बड़ा मलहेरा इलाके में घटी। वन क्षेत्राधिकारी राजेंद्र पास्टर ने बताया कि उन्हें भरटोली वन क्षेत्र स्थित नदी में अवैध रेत खनन के बारे में सूचना मिली थी।

एमपी पुलिस ने बताया कि सूचना के आधार पर बड़ा मलहेरा और गुलगंज के वन अधिकारी रेत के अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए क्षेत्र में गए थे। छापेमारी के दौरान वन विभाग की टीम ने मौके से दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त कर लीं। गढ़ा निवासी शैलेंद्र सिंह ने कथित तौर पर वन अधिकारियों पर ट्रैक्टर-ट्रॉली चढ़ाने की कोशिश की। हमलावरों ने वन विभाग के वाहन को भी नुकसान पहुंचाया।

जबलपुर में निर्माणधीन मस्जिद को लेकर विवाद

# विहिप ने अवैध निर्माण का आरोप लगाकार किया हंगामा

**जबलपुर ▪ एजेंसी**

रांझी मड़ई गांव की मस्जिद जिस जमीन पर बना है उसको लेकर विवाद खड़ा हो गया है। विश्व हिंदू परिषद ने मस्जिद के कुछ हिस्से को निजी और ट्रस्ट की जमीन पर बनाए जाने का दावा किया है। इस मामले में विश्व हिंदू परिषद की तरफ से लगातार शिकायत भी हो रही है लेकिन प्रशासन जांच का भरोसा देकर मामले को शांत करने में जुटा है। 26 सितंबर को विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ताओं ने फिर से मस्जिद के हिस्से को हटाने के विरोध में प्रदर्शन किया था। जिसे पुलिस प्रशासन ने जांच का भरोसा देकर शांत करवाया था। अब विश्व हिंदू परिषद इस मामले में एक बार फिर नवरात्र तक इस मामले को उठाने की तैयारी कर रहा है।



विहिप ने दस दिन का समय जांच के लिए प्रशासन को दिया है। जिसके बाद प्रशासन यदि कार्रवाई नहीं करता है तो विहिप कार्यकर्ता अपने स्तर पर मजिस्द के कथित अवैध हिस्से को गिरा देंगे।

### मुस्लिम पक्ष ने कहा 50 साल से बनी

मुस्लिम पक्ष ने कहा कि मस्जिद 50 साल पुरानी है। विहिप का आरोप है कि राजस्व रिकार्ड में दर्ज खसरा नंबर 169 पर मस्जिद निर्माण कैसे हुआ है जबकि यह जमीन गायत्री बाल मंदिर ट्रस्ट और खसरा नंबर 170 कोरी परिवार का नाम दर्ज है। इस मामले में मस्जिद निर्माण को लेकर ट्रस्ट और कोरी परिवार की तरफ से किसी तरह की कोई शिकायत प्रशासन को नहीं दी गई है।

बजरंग दल विभाग संयोजक सुमित ठाकुर ने कहा कि वक्फ बोर्ड ने अपनी जमीन की बजाए दूसरे की जमीन मस्जिद का निर्माण किया है। इसका विरोध किया जा रहा है यदि प्रशासन शीघ्र कार्रवाई नहीं करेगा तो दस दिन के अंदर कार्यकर्ता उग्र आंदोलन करेंगे।

# एसपी ने पुलिस कंट्रोल रूम में ली अपराध समीक्षा बैठक, फ्रॉड की शिकायतों पर प्राथमिकता से तत्काल कार्रवाई करें



बुरहानपुर। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार ने पुलिस कंट्रोल रूम पर रविवार को जिले के समस्त थाना और चौकी प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। इस बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश, नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल, एसडीओपी नेपानगर निर्भय सिंह अलावा आदि मौजूद रहे। समीक्षा बैठक में राजपत्रित अधिकारियों, थाना और चौकी प्रभारियों को अपने क्षेत्र में अवैध गतिविधियों, जुआ, सट्टा, अवैध शराब व गौ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा गया।

आगामी त्योहारों विशेषकर नवदुर्गा उत्सव, बालाजी रथ यात्रा की तैयारी करने का निर्देश दिया। लंबित अपराधों की समीक्षा कर उनका त्वरित निराकरण करने के लिए कहा गाया।

बैठक में लंबित अपराधों की समीक्षा कर उनका त्वरित निराकरण करने पर जोर दिया गया। संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने, चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए रात्रि गश्त को प्रभावी बनाने, और संभावित चोरी स्थलों को हॉट स्पॉट बनाकर सतत निगरानी रखने की आवश्यकता बताई गई।

अधिकारियों को आदतन अपराधियों की पहचान कर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने, साइबर फ्रॉड की शिकायतों को प्राथमिकता देकर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही, क्षेत्र में गुंडा, निगरानी बदमाशों और जिला बदर की चेकिंग, यौन शोषण के आरोपियों की निगरानी और ऐसे अपराधों पर नियंत्रण करने का भी आदेश दिया गया।

बैठक में यह भी कहा गया कि पिछले 10 वर्षों में घटित अपराधियों की चेकिंग की जाए, साथ ही लंबित मर्ग और गुम इंसान मामलों का निपटारा, समन्स और वारंट की तामिली की समय सीमा का पालन और सीसीटीएनएस पर रिकॉर्ड को अपडेट करने की आवश्यकता है।

## दयार्पुर के पास ब्रेक फेल होने से पलटी कार:4 लोग घायल

**बुरहानपुर।** शनिवार रात करीब 11 बजे दरियापुर वॉटर पार्क के पास कार पलटने से 5 लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल कराया गया। मौके पर पुलिस की डायल 100 टीम भी पहुंची। उपचार के दौरान एक युवक की मौत होने की जानकारी सामने आई है।



वहीं सभी अन्य 4 घायलों को परिजन निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले गए हैं। रात करीब 11 दरियापुर वॉटर पार्क के पास अंबाड़ा फाटे पर यह हादसा हुआ। कार एमएच 03 बीसी-5393 का ब्रेक फेल होने से आकाश पिता संजय 22, लक्की पिता अशोक 24, निलेश पिता मधुकर 25, आदर्श पिता किशोर 16, लोकेश पिता किशोर 19 सभी निवासी बड़गांवमाफी अंबाड़ा क्षेत्र घायल हो गए। इसमें इलाज के दौरान आकाश पिता संजय 22 की मौत हो गई। हादसे के बाद कार एक खेत में जाकर पलट गई थी। कार काफी क्षतिग्रस्त भी हुई।

## तालनपुर में गिरा कच्चा मकान:दोनों घायल महिलाओं का उपचार जारी

कुक्षी। कुक्षी के पास ग्राम तालनपुर में शनिवार की रात में एक कच्चा मकान ढह जाने से दो महिलाएं घायल हो गई। वहीं मकान के अंदर बंधी दो बकरियों की मलबे में दबने से मौत हो गई। मकान गिर जाने से आसपास के रहवासी इकट्ठे हो गए। दोनों घायल महिलाओं को उपचार के लिए सिविल अस्पताल कुक्षी लाया गया। लेकिन एक महिला को ज्यादा चोटें आने से बड़वानी अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया है। कुक्षी के पास तालनपुर गांव में शनिवार की रात में एक पुराना कच्चा मकान गिर जाने से रहने वाली दो महिलाएं सुरली बाई पति गुलाब उम्र 47 वर्ष और मंजू पति प्रेमचंद उम्र 36 वर्ष, घायल हो गई। मकान का मलबा गिरने से घर में बंधी दो बकरियों की मलबे में दबने से मौत हो गई ।

## बालिपूर रोड से 10 लाख रुपए की ईमारती लकड़ी जब्त:वन विभाग ने आरा मशीन सील की

**मनावर। मनावर नगर के बालिपूर रोड़ स्थित याहया आरा मिल पर वन और राजस्व विभाग ने 28 सिंतबर को बड़ी कारवाई की गई है। जहां पर बड़ी मात्रा में ईमारती लकड़ी की सिल्लीयां मिली थी। वन विभाग परिक्षेत्र महेश कुमार अहिवार, होशियार सिंह कनोजे कुक्षी ने रविवार को बताया कि कारवाई के दौरान मौके पर भूसे और घास में छुपाकर रखी सागवान चिरान लकड़ी मिली है। मामले में विभाग ने 660 चिरान (20.652 घन मीटर) तकरीबन 10 लाख रुपए की इमारती लकड़ी जब्त कर परिक्षेत्र कार्यालय परिसर कुक्षी परिवहन कराई है।**




होशियार सिंह कनोजे कुक्षी ने आरा मशीन भी सील कर दी है। आरा मशीन के लेखे और मौके पर मिली चिरान में भिन्नता के कारण आरा मशीन के अभिलेख, चिरान और मशीन को मध्य प्रदेश काष्ठ चिरान अधिनियम 1984 की धारा 7 और 9 के तहत जब साथ ही आरा मशीन को जब्त कर सील किया गया है। बालीपुर रोड स्थित एक अन्य गैर आवासीय गोदाम पर भी सर्च वारंट के साथ पहुंचे। जहां गोदाम के अंदर तीन ढेर में सागवान की निर्मीत सिल्लियां (चरपट) 85 छुपाकर रखी मिली। मामले में आरोपियों ने सिल्लियों की ढेरी पर सब्जियों के प्लास्टिक कैरेट रखे हुए थे। तलाशी लेकर मौके पर जब्ती कार्रवाई की गई।

कार्रवाई में बबीता बघेल, महेंद्र डामरे, अनिल हरोड, कमल रावत, राकेश तंवर, सरद सोलंकी, सोहन सिंह एस्के, नानुराम अलावा, भेरूसिह देवके, बहादुरसिंह रणदा, रामसिह कनेल, रफिक खान का सराहनीय योगदान रहा।

## पालक महासंघ मध्य प्रदेश की मांग, सौपा ज्ञापन



**हो अशासकीय संस्थाओं में कार्यरत शिक्षकों, कर्मचारियों, बस ड्राइवर कंडक्टर एवं ऑटो चालकों का पुलिस वेरिफिकेशन**



खंडवा।। पालक महासंघ मध्य प्रदेश जिला इकाई खंडवा व्दारा जिला संरक्षक अनिल चौधरी एवं जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश पिल्ले के नेतृत्व में जिला कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर स्कूलों में छात्राओं के साथ बढ़ती यौन शोषण की घटनाओं पर रोक लगाये जाने की मांग की। यह जानकारी पालक महासंघ जिला इकाई प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी निर्मल मंगवानी ने देते हुए बताया कि पालक महासंघ मध्य प्रदेश जिला इकाई खंडवा व्दारा मध्य प्रदेश में अशासकीय विद्यालयों में छात्राओं के साथ बढ़ते यौन शोषण के मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए जिला कलेक्टर महोदय के नाम अपर कलेक्टर केआर बडोले एवं पुलिस अधीक्षक महोदय के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारनेकर को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में यह मांग की गई है कि अशासकीय संस्थाओं में कार्यरत सभी शिक्षकों, कर्मचारियों का पुलिस द्वारा चरित्र सत्यापन किया जा कर एक प्रति विद्यालय में सुरक्षित रखी जाए तथा बस संचालक होने पर ड्राइवर, कंडक्टर एवं ऑटो चालकों का भी चरित्र सत्यापन किया जाना आवश्यक हो। दोनों ही वरिष्ठ अधिकारियों ने इस ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पालक महासंघ जिला संरक्षक अनिल चौधरी, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश पिल्ले सेवानिवृत्त प्राचार्य, पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गणेश भावसार, उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, सचिव शैलेंद्र खंडेलवाल, विष्णु अग्रवाल एडवोकेट, राजेश पोरपंथ, निर्मल मंगवानी, आशीष खंडेलवाल, मयूर गंगराड़े आदि उपस्थित थे।

## गंदा पानी छोड़ने पर 30,000 रुपये जुमार्ना, नगर निगम की सख्त कार्रवाई

**खंडवा। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत, दिनांक 29/09/2024 को कलेक्टर महोदय के निदेर्शानुसार बुलानी प्रोडक्ट, कैलाश नगर और नवकार नगर के पास गंदे पानी को नगर निगम द्वारा लगाए गए पौधों में छोड़ने की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की गई। नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा किया और संबंधित व्यापारी पर 30,000 रुपये का जुमार्ना लगाया।**



व्यापारी को निर्देश दिए गए कि वह गंदे पानी को स्टोर करने के लिए उचित टैंक की व्यवस्था करें, ताकि भविष्य में इस प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। इस अभियान में नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी श्री जाकिर अहमद, झोन प्रभारी श्री सखाराम भट्ट, श्री मनीष पंजाबी, श्री भुवन श्रीमाली, श्री अजय पटेल, श्री धीरज दवे, अंकित देशमुख, झोन लिपिक राकेश खराले, झोन भृत्य प्रवीण गाडे, वार्ड जमादार श्री संजय झंझोट, श्री योगेश सारसर और श्री विजय चांगरे सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे। नगर निगम द्वारा साफ चेतावनी दी गई है कि शहर में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, और जुमार्ने के साथ कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

लाठी डंडे चले, 5 फोरव्हीलर गाड़ियों में तोड़फोड़

## जमीन विवाद के चलते 2 पक्षों में मारपीट

बदनावर। बदनावर के कानवन थाना अंतर्गत ग्राम भाटबामंदा में शनिवार देर शाम जमीन पर कब्जे के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान जमकर पथराव, धारदार हथियार और लाठी डंडे चले। विवाद में 5 फोरव्हीलर गाड़ियो में भी तोड़फोड़ की गई। इस मामले में कानवन पुलिस ने दोनों पक्षों के कुल 18 लोगों के खिलाफ नामजद और अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

दूसरे पक्ष के ईश्वर सिंह डोडिया उर्फ ईश्वर शाकअप निवासी बदनावर और कुलदीप सिंह सोलंकी को गंभीर चोट लगी है जिन्हें धार जिला अस्पताल से गंभीर हालत में इंदौर रेफर किया गया। विवाद में फोरव्हीलर गाड़ियों में भी जमकर तोड़फोड़ की गई।

### जमकर चले पत्थर, लाठी-डंडे और हथियार

**पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, एक पक्ष के ईश्वर सिंह पिता प्रहलाद सिंह निवासी भाटबामंदी और दूसरे पक्ष के ईश्वर सिंह डोडिया निवासी बदनावर के बीच में जमीन के कब्जे को लेकर विवाद हो गया। दोनों पक्ष के लोग आमने-सामने हो गए। इस दौरान एक दूसरे पर जमकर पथराव भी हुआ। वहीं धारदार हथियार और लाठी डंडे चले। जिसमें एक पक्ष के ईश्वर सिंह पिता प्रहलाद सिंह और राजेंद्र सिंह पिता जुझार सिंह को गंभीर चोट लगी हैं। शनिवार रात उन्हें सिविल अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद रतलाम रेफर किया गया है।**

## बदनावर के सीएम राइस स्कूल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नंदराम चोपड़ा में जागरण मंच ने कार्यक्रम आयोजित किया

**बदनावर। बदनावर के स्थानीय सीएम राइस स्कूल नंदराम चोपड़ा में स्वदेशी जागरण मंच ने अमर शहीद भगतसिंह जी की जयंती पर विशेष रूप से स्वावलंबी भारत अभियान के तहत उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि तहसीलदार सुरेश नागर विशेष अतिथि के रुप में भाजपा पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला महामंत्री कन्हैयालाल गुर्जर,शिक्षा विभाग से बीआरसी देवकरण गुजराती,बीएसी ओपी राठौड़ स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक श्रवण गौर,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बदनावर खंड प्रचार-प्रसार प्रमुख अरविंदसिंह कच्छावा,कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य महोदय रियाजुद्दीन शेख ने कार्यक्रम की शुरूआत में सर्वप्रथम गणेशजी व सरस्वती माता भारत माता और शहीद भगतसिंहजी की चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।**



अतिथि स्वागत के पश्चात स्वागत भाषण खंड प्रचार-प्रसार प्रमुख अरविंदसिंह कच्छावा ने दिया। विशेष अतिथि कन्हैयालाल गुर्जर ने विद्यार्थियों को भगतसिंहजी के जीवन पर आधारित बातें बताई। मुख्य उद्बोधन स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक श्रवण गौर ने स्वदेशी जागरण मंच से संबंधित स्वावलंबी भारत अभियान की जानकारियों से अवगत कराया गया तथा लघु और कटुर उद्योग के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ शहीद भगतसिंहजी जयंती पर विद्यार्थियों को संकल्प दिलाया। मुख्य अतिथि तहसीलदार महोदय सुरेश नागर ने बताया कि विद्यार्थियों को स्वावलंबी बनने से पहले हमारे देश में जिन देश भक्तों के कारण यह देश आजाद हुआ उनके जीवन कि परिकल्पना का सम्मान करते हुए,उन्हें समझने के लिए उनकी जीवनी पढ़ते रहना चाहिए। तभी हम देश के जिम्मेदार नागरिक बनेंगे और हमारा देश पुनः आत्मनिर्भर बनेगा। कार्यक्रम में अध्यापक वैभव जैन विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकगणों कि पूर्ण रूप से उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक प्रदीप पांडे ने किया। जुगल किशोर प्रजापत नेआभार माना।

# पितृपक्ष में किया भारत विकास परिषद ने वृक्षारोपण




धामनोद। भारत विकास परिषद के तत्वाधान में पितृपक्ष के महत्व को समझते हुए शासकीय उच्चतर कन्या विद्यालय खलघाट में अलग-अलग प्रजातियों के 15 पौधों का पौधारोपण किया गया, भारत विकास परिषद शाखा धामनोद की अध्यक्ष डॉ कुसुम पाटीदार ने बताया कि यह पौधारोपण विशेष रूप से पितृपक्ष को समर्पित है और हमारे परिषद के डॉ सनी पंडित के पुत्र स्व. इधांत पंडित को समर्पित करते हुए सभी परिषद साथियों ने अपने पूर्वजों को याद कर पौधारोपण किया। आयोजन में विद्यालय प्राचार्य सुरेश पाटीदार सर का विशेष सहयोग रहा और दृढ़ संकल्पित होकर उन्हें संरक्षण की जिम्मेदारी भी ली गई। परिषद के उपाध्यक्ष डॉ राहुल कुशवाह, डॉ सनी पंडित, पूर्व अध्यक्ष जगदीश पाटीदार, महादेव नामदेव, सुरेश पाटीदार सर, सुरेश पाटीदार, अनूप सक्सेना आदि परिषद साथी एवं विद्यालय के शिक्षक गण उपस्थित रहे।

सिंगाजी समाचार



# त्योहारों को लेकर एएसपी और नायब तहसीलदार ने ली बैठकः गरबा पंडालों की सुरक्षा समेत आयोजकों को दिए कई दिशानिर्देश

**शाजापुर। रविवार को शाजापुर के मक्सी थाने में एएसपी और नायब तहसीलदार ने सभी आयोजकों की बैठक ली। जिसमें गरबा पंडालों के आयोजकों की बैठक ली गई और वहां की सुरक्षा सहित आवश्यक निर्देश दिए गए। ताकि त्योहारों को हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया जा सके।**



बैठक में एएसपी टीएस बघेल और नायब तहसीलदार जितेंद्र चौरसिया ने निर्देशित किया कि प्रत्येक गरबा आयोजक को शासन से विधिवत अनुमति लेना होगी। साथ ही वहां फायर एक्सटिंग्विशर आवश्यक रूप से लगाएंगे और बिजली विभाग से विधिवत कनेक्शन लेकर ही आयोजन करेंगे। सभी आयोजक गरबा पंडाल में सीसीटीवी कैमरे आवश्यक रूप से लगवाएंगे, जिनमें माताजी की प्रतिमा और सम्पूर्ण गरबा पंडाल सीसीटीवी की निगरानी में रहेंगे। प्रत्येक गरबा निर्धारित समय पर प्रारंभ और निर्धारित समय अवधि पर समाप्त होंगे। प्रत्येक गरबा आयोजक प्रतिमा विसर्जन स्थल का पूर्व से स्थान के बारे में अवगत करवाएंगे। गरबा आयोजक किसी भी प्रकार के भंडारा, खाटू श्याम या अन्य किसी आयोजन के संबंध में 2 दिवस पूर्व इसकी सूचना संबंधित थाने को देंगे।

इस बैठक में निर्देश दिए गए कि विवाद निपटान समिति का गठन आवश्यक रूप से करेंगे जो गरबा आयोजन के दौरान होने वाले छोटे-छोटे विवाद के निपटान हेतु समुचित दिशा निर्देश देगे। प्रत्येक गरबा आयोजक जहां पर महिलाओं की संख्या ज्यादा है, वहां महिला वालिंटियर भी अधिक से अधिक नियुक्त करेंगे। बड़े आयोजन स्थल पर वालंटियर की संख्या 20 या इससे अधिक होगी, जो पुलिस का सहयोग करेंगे। कोई भी गरबा स्थल खुला स्थान नहीं होगा, गरबा स्थल कवर्ड रहेगा चाहे बास, रस्सी, बल्ली से कवर्ड रहे या कोई क्लोज कवर्ड स्थल हो। धार्मिक गाने पर ही गरबों का आयोजन होगा किसी भी फिल्मी गाने पर गरबे नही खेलेंगे। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का शासन के नियमानुसार उपयोग करेंगे। रात में कम से कम 2 व्यक्ति और दिन में कम से कम 2 व्यक्ति मूर्ति सुरक्षा हेतु आवश्यक रूप से वालंटियर तैनात रहेंगे। शासन से जो भी अनुमति प्राप्त होती है उसे लेमिनेशन करवाके गरबा आयोजन स्थल पर चस्पा करेंगे। इसके अलावा सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट शेयर नहीं करेंगे। कस्बा मक्सी में किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान ना दे सही जानकारी सीधे थाने से प्राप्त करें।

## देवी की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे कलाकार..!!


शाजापुर। 3 अक्टूबर से शारदेय नवरात्रि पर्व प्रारंभ होने वाली है। जिसके लिए जिले भर में तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। कहीं मंदिरों में रंग-रोगन किया जा रहा है, तो कहीं मंदिरों में घट स्थापना के लिए तैयारियां की जा रही हैं। इधर कलाकार भी माता की प्रतिमाओं को अंतिम रूप दे रहे हैं।

2 अक्टूबर को सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या से श्राद्ध पक्ष समाप्त हो जाएगा। जिसके अगले दिन शारदेय नवरात्रि का पर्व शुरू होगा। इस दौरान मंदिरों और घरों में माता की विधि-विधान से घट स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही 9 दिनों तक नगरवासी शक्ति की भक्ति करेंगे। जिसकी तैयारियां शहर में शुरू हो गई हैं। केवल मंदिरों ओर घरों में ही नहीं बल्कि कई जगह सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव भी मनाया जाएगा। जहां माता की प्रतिमाएं विराजित की जाएंगी। इसके लिए प्रतिमाओं को कलाकार अंतिम रूप देने में जुटे हैं।


## दूध वाहन और ऑटो रिक्शा की भिड़ंतःहादसे में दो लोग घायल

शाजापुर बेरछा रोड पर रविवार रात दूध की गाड़ी और ऑटो रिक्शा में टक्कर हो गई। टक्कर से दोनों गाड़ियां पलट गईं। ऑटो रिक्शा में सवार दो लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

जानकारी के मुताबिक ऑटो रिक्शा में बच्चे सहित दस लोग सवार थे। सभी उज्जैन जिले के ग्राम ताजपुर से एक कार्यक्रम में शामिल होकर अपने घर मुल्लाखेड़ी लौट रहे थे। इसी बीच हादसा हो गया। हादसे में बाकी लोगों को मामूली चोंट आई है। आटो रिक्शा में सवार







सलाम ने बताया कि मेरे पापा शब्बीर खान और मम्मी हुसैनी बाई घायल हुए हैं। दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में लेकर आए है, जहां इलाज जारी है।

## चलते कंटेनर से उड़ाए 19 लाख के मोबाइल, साईबर सेल भी ऐक्टिव

**शाजापुर। शाजापुर पुलिस के लिए बदमाश हर दिन नई चुनौतियां खड़ी कर रहे हैं। इन दिनों बदमाशों ने हाईवे को अपना अड्डा बना लिया है और यहां से गुजरने वाले वाहनों से सामान चोरी कर रहे हैं।**

बीते दिनों इंदौर से ग्वालियर जा रहे एक चलते कंटेनर से बदमाशों ने विवो कंपनी के 19 लाख रूपए कीमत के मोबाइल चुरा लिए है। जिसकी शिकायत फरियादी ने लालघाटी पुलिस को की है। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। इसके लिए साइबर सेल की भी सहायता ली जा रही है।

लसुल्डिया मोरी इंदौर निवासी जीवन पिता नंदकिशोर सोलंकी ने बताया कि 10 सितंबर को वह इंदौर से ग्वालियर विवो कंपनी के मोबाइल लेकर जा रहा था। उसे शंका हुई कि उसके कंटेनर पर कोई चढ़ा हुआ है। उसने अपना वाहन हाईवे पर ग्राम पतोली के पास रोका और उतरकर देखा, तब तक बदमाश वहां से गायब हो चुके थे। जब उसने देखा तो कंटेनर का ताला टूटा हुआ था। इसके बाद उसने अंदर जांच की तो पता चला कि दो बोरी गायब है। जिसमें विवो कंपनी के 160 मोबाइल थे, जो गायब हो चुके थे। कंटेनर चालक के अनुसार चोरी कए गए मोबाइलों की कीमत करीब 19 लाख 36 हजार 993 रुपए है। इसकी शिकायत उसने लालघाटी पुलिस को आवेदन सौंपकर की है। पुलिस ने मामले की जांच की और शनिवार को अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

लालघाटी थाने पर पदस्थ एसआई हेमंत पटेल का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जिसके लिए साइबर सेल को भी पत्र लिखा गया है। जैसे ही मोबाइल चालू होगा हमें लोकेशन मिल जाएगी और बदमाशों को पकड़ने में मदद मिलेगी। वाहन चालक ने लालघाटी पुलिस को 10 सितंबर को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी। जिसके बाद शनिवार 28 सितंबर को पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले को लेकर लालघाटी थाना प्रभारी अर्जुनसिंह मुजाल्दे ने बताया कि कई बार ट्रक चालक कहानियां बनाकर झूठी शिकायत दर्ज करवा देते हैं। ताकि वो बीमा की राशि ले सकें। हमारी ओर से मामले की जांच की जा रही थी। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि वाकई में वारदात हुई है। जिसके बाद हमने इसे लेकर साइबर सेल को भी पत्र लिखकर मामले की जानकारी दी गई है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## खबर – भोजपुर

## स्मार्ट बिजली मीटर के खिलाफ आज से कांग्रेस का आंदोलन

पटना। कांग्रेस राज्य भर में स्मार्ट बिजली मीटर के खिलाफ अपने आंदोलन की शुरूआत आज सोमवार से करने जा रही है। प्रदेश के सभी जिलों में जिला संयोजकों द्वारा मीटर योजना के खिलाफ प्रेस कांफ्रेस का आयोजन है। इसके बाद 2 से 7 अक्टूबर तक प्रदेश के सभी जिलों में स्मार्ट बिजली मीटर के खिलाफ जागरुकता आंदोलन चलाया जाएगा। जागरुकता आंदोलन नीतीश कुमार के गृह जिला नालंदा से शुरू होगा।

बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि प्रदेश प्रभारी मोहन प्रकाश और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने हाल में पटना सदाकत आश्रम से यह ऐलान किया था कि सेवा दल द्वारा जारी इस आंदोलन को वो चरणबद्ध तरीके से प्रत्येक जिलों में ले जाएंगे उसी के तहत सभी जिलों में प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। उन्हें संबंधित जिलाध्यक्षों के साथ प्रेस कांफ्रेंस कर जनता के हितों को ध्यान में रखकर संबोधित करने को कहा गया है।





### पर्यवेक्षक बनाए गए

**इस आंदोलन को धारदार बनाने के लिए कांग्रेस ने प्रदेश के सभी जिलों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। राज्य के सभी जिलों में नियुक्त पर्यवेक्षकों को जिलाध्यक्ष के साथ जिला मुख्यालय पर मीडिया से मुखातिब होने का निर्देश प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने जारी किया है। नालंदा में पूर्व एमएलए को पर्यवेक्षक बनाया गया है। पटना टाउन में मिथिलेश शर्मा मधुकर को, पटना रूरल वन में आशुतोष शर्मा और पटना रूरल टू में कौकब कादरी को पर्यवेक्षक बनाया गया है।**

## पितृ पक्ष 2 अक्टूबर तकःमरने के बाद आत्मा के साथ क्या-क्या होता है,

*18 सितंबर से पितृ पक्ष शुरू हो गया है, अब 2 अक्टूबर तक पितरों के लिए श्राद्ध, पिंडदान और तर्पण किया जाएगा। घर-परिवार के मृत सदस्यों को पितर देव कहते हैं। किसी व्यक्ति के मरने के बाद उसकी आत्मा की शांति के लिए पितृ पक्ष में धर्म-कर्म किया जात' है।*


*मरने के बाद व्यक्ति की आत्मा के साथ क्या-क्या होता है, कैसे आत्मा यमलोक पहुंचती है, आत्मा को यमलोक पहुंचने में कितने दिन लगते हैं, इस्लाम और ईसाई धर्म में आत्मा के लिए क्या मान्यता है, इन सभी सवालों के जवाब के साथ जानिए अमेरिका में हुई नियर डेथ एक्पीरियंस से जुड़ी रिसर्चइ्र सबसे पहले जानिए गरुड़ पुराण को हिन्दू धर्म में 4 वेद और 18 पुराण हैं। इन ग्रंथों में ही देवी-देवताओं से जुड़ी सभी कहानियां हैं। इनमें से एक है गरुड़ पुराण।*

*गरुड़ पुराण में विष्णु जी और उनके वाहन गरुड़ के बीच हुए सवाल-जवाब हैं।*

*गरुड़ देव को भगवान ने जन्म-मृत्यु, पुनर्जन्म, आत्मा, यमलोक, स्वर्ग-नर्क, वैतरणी नदी, पाप-पुण्य, नीतियां, कर्म आदि विषयों के बारे में बताया है।*

*मान्यता है कि घर-परिवार में किसी की मृत्यु के बाद गरुड़ पुराण का पाठ करने से मरने वाले की आत्मा को शांति मिलती है।*

*इस पुराण को पढ़ने से हमें भी जीवन और मृत्यु से जुड़ी सभी धार्मिक बातें मालूम होती हैं।*





# 7 तटबंध टूटे, 3.5 लाख आबादी प्रभावित:12 जिलों में बाढ़

**पटना। नेपाल में हुई भारी बारिश के बाद बिहार के 12 जिलों में बाढ़ का खतरा बन गया है। इन जिलों के 20 प्रखंडों के करीब 2 लाख आबादी बाढ़ से प्रभावित है। यहां हालात और भी गंभीर हो सकते हैं, क्योंकि नेपाल की ओर से छोड़ा गया पानी बिहार के मैदानी इलाकों में फैलने की संभावना बढ़ गई है।**

इधर दरभंगा में देर रात 12:45 बजे किरतपुर प्रखंड के सहरसा सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित कोसी नदी का बांध भूबोल के सामने टूट गया है। बांध टूटने से एक लाख की आबादी प्रभावित हुई है। रसियारी, किरतपुर, बगरस, दोहथा, जमालपुर, झगरुवा, कुबोल, ढागा, तरवारा, तेतरी, अमृतनगर, पखारिया, सिरसिया, रही टोल खतवारा, वदीर्पुर सिरनिया, लक्ष्मीपुर, भंडरिया, कदवारा, कटरिया, राम खेतरिया सहित कई गांव मुख्य रूप से प्रभावित हुए हैं। देर रात से ही डीएम समेत दूसरे अधिकारी कैंप कर रहे हैं। वहीं, मौसम विज्ञान केंद्र ने आज प्रदेश के 5 जिलों में बारिश और आकाशीय बिजली का अलर्ट जारी किया है। रविवार की रात 1 बजे दरभंगा के किरतपुर के भूबोल गांव के पास कोसी की उपधारा ने पश्चिमी तटबंध तोड़ दिया। इसके पहले 9 घंटे में सीतामढ़ी और शिवहर जिले में बागमती नदी पर पांच जगहों पर तटबंध टूटे। बगहा में चंपारण तटबंध टूटा।





हालात को देखते हुए पश्चिम चंपारण जिले में 8 प्रखंडों के 58 स्कूलों को 2 अक्टूबर तक बंद रखने के आदेश दिए गए है। बाढ़ का सबसे ज्यादा असर सुपौल और पश्चिमी चंपारण के इलाके में पड़ा है। अररिया में भी बारिश और बाढ़ के कारण रेलवे ट्रैक पर पानी आ गया है।

इससे एक दिन में ही 200 से अधिक गांव की करीब 3.5 लाख की आबादी बाढ़ की चपेट में आ गई है। अगले 24 घंटे में बाढ़ का दायरा बढ़ेगा। नए इलाकों में पानी फैलेगा।

### बाढ़ के पानी में दो दर्जन गांवों के लोग फंसे

पश्चिम चंपारण के योगापट्टी और बैरिया प्रखंड के दियारा इलाके में रविवार की शाम अचानक बाढ़ का पानी घुस गया। इससे खुटवनिया जलरपुल, सिसवा मंगलपुर, नवलपुर, ढढ़वा, चमुखा और हरपुर मुजौना पंचायत के दो दर्जन गांवों के लोग फंस गए हैं। प्रशासन की ओर से 100 से ज्यादा परिवारों को रेस्क्यू कर बाहर निकाल लिया गया है। लेकिन, करीब 900 लोगों के अभी भी फंसे होने की संभावना है।

# ऐलान : 1 अक्टूबर से बदल जाएगी एनएसई, बीएसई की ट्रांजेक्शन फीस

नई दिल्ली ■ एजेंसी

शेयर बाजार में निवेश करने वालों को अगले महीने की शुरुआत से यानी 1 अक्टूबर से ट्रांजेक्शन फीस में बदलाव देखने को मिलेगा। भारत के टॉप 2 बड़े एक्सचेंज यानी BSE और NSE ने एक अक्टूबर की तारीख से ट्रांजेक्शन चार्ज को रिवाइज किया है। यह रिवीजन सेबी के 1 जुलाई 2024 के सर्कुलर के तहत है।

एक्सचेंजों की ट्रांजेक्शन फीस की बात की जाए तो यह NSE और BSE पर अलग-अलग हैं। NSE कैश और डेरिवेटिव सेगमेंट के लिए एक नया फी स्ट्रक्चर लेकर आया है। जबकि, BSE ने इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट के सेंसेक्स और बैंकेक्स ऑप्शन्स कॉन्ट्रेक्ट्स के लिए बदलाव का ऐलान किया।



**सेबी के सर्कुलर के तहत हो रहा ट्रांजेक्शन फीस में बदलाव**: 1 जुलाई 2024 के मार्केट रेगुलेटर सेबी के सर्कुलर में मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर इंस्टीट्यूशंस (MII) को निर्देश दिया गया था कि वे ट्रेडिंग वॉल्यूम के आधार पर स्लैब-वाइज फी स्ट्रक्चरको बंद करें। उसकी जगह वे सभी मेंबर्स के लिए एक समान फी स्ट्रक्चर लागू करें। बता दें कि MIIs के तहत स्टॉक एक्सचेंज, क्लियरिंग कॉरपोरेशन और डिपॉजिटरीज आते हैं।

## BSE, NSE के नए और पुराने फी स्ट्रक्चर में क्या है अंतर?

यूनिफॉर्म फी स्ट्रक्चर के तहत इन्वेस्टर्स को एक समान शुल्क का पेमेंट करना पड़ेगा, चाहे वह ब्रोकर हो या आम निवेशक। किसी भी तरह के या किसी भी साइज के इन्वेस्टमेंट पर फीस सबके लिए एक समान ही होगी। स्लैब वाइज फी स्ट्रक्चर के तहत ब्रोकर्स को ज्यादा फायदा मिलता था। ऐसा इसलिए क्योंकि ब्रोकर्स की तरफ से किया गया ट्रांजेक्शन अमाउंट काफी ज्यादा होता था और हाई ट्रेडिंग वॉल्यूम के कारण ट्रांजेक्शन फीस कम हो जाती थी और ग्राहकों से वसूली गई फीस ज्यादा होती थी। ऐसे में पेमेंट कम और वसूली ज्यादा होने से अंतर बढ़ जाता था और ब्रोकर्स को फायदा हो जाता था।

## क्या है BSE, NSE की ट्रांजेक्शन फीस

- NSE ने अलग-अलग सेगमेंट के लिए नई ट्रांजेक्शन फीस पेश की है। कैश मार्केट में, हर 1 लाख लाख ट्रेड किए गए मूल्य पर 2.97 रुपये की फीस दोनों पक्षों (ब्रोकर और इन्वेस्टर) से ली जाएगी। इक्विटी फ्यूचर्स में हर एक लाख ट्रेड किए गए मूल्य पर 1.73 रुपये की फीस लगेगी।
- इक्विटी ऑप्शंस के लिए, प्रीमियम वैल्यू के हर एक लाख रुपये पर 35.03 रुपये की फीस दोनों पक्षों से ली जाएगी। NSE करेंसी फ्यूचर्स के लिए, हर एक लाख ट्रेड किए गए मूल्य पर 0.35 रुपये का ट्रांजेक्शन चार्ज दोनों पक्षों से लिया जाएगा। करेंसी ऑप्शंस और इंटरेस्ट रेट ऑप्शंस के लिए, प्रीमियम मूल्य के हर एक लाख पर 31.10 रुपये का चार्ज दोनों पक्षों के लिए लागू होगा।
- बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ने इक्विटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट में सेंसेक्स और बैंकेक्स ऑप्शंस कॉन्ट्रैक्ट्स के लिए ट्रांजेक्शन फीस को रिवाइज करके हर एक करोड़ रुपये के प्रीमियम टर्नओवर पर 3,250 रु. कर दिया है।
- वहीं, इक्विटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट के अन्य कॉन्ट्रेक्ट्स के लिए ट्रांजेक्शन फीस में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सेंसेक्स 50 ऑप्शंस और स्टॉक ऑप्शंस के लिए, BSE हर एक करोड़ प्रीमियम टर्नओवर पर 500 रुपये की ट्रांजेक्शन फीस लगाता है। इसमें इंडेक्स और स्टॉक फ्यूचर्स के लिए कोई ट्रांजेक्शन फीस नहीं है।

# इस हफ्ते सुस्त रहेगा प्राइमरी मार्केट, तगड़ी रकम वाले निवेशक ही लगा सकेंगे बोली

नई दिल्ली ■ एजेंसी

30 सितंबर से शुरू हो रहा सप्ताह प्राइमरी मार्केट के लिए सुस्त रहने वाला है। इस हफ्ते कुल मिलाकर 3 IPO ही आएंगे। पिछले हफ्ते जहां Manba Finance Limited और KRN Heat Exchanger and Refrigeration Limited का IPO प्राइमरी मार्केट में आकर थोड़ी रौनक बढ़ाई तो अगले हफ्ते आने वाले आईपीओ में कोई भी इश्यू मेनबोर्ड सेगमेंट के नहीं है। सभी आईपीओ SME सेगेमेंट के हैं। ऐसे में जिन निवेशकों के पास तगड़ी रकम है, वही इसमें बोली लगा पाएंगे।

मेनबोर्ड सेगमेंट में जहां रिटेल इन्वेस्टर्स को 15,000 रुपये के आसपास एक लॉट खरीदने को मिल जाता है तो वहीं SME सेगमेंट में ऐसा नहीं होता। ये छोटे आईपीओ होते हैं और इनके एक लॉट में ढेर सारे शेयर होते हैं। अक्सर 1,000 से ज्यादा शेयर। ऐसे में आइये जानते हैं इस हफ्ते आने वाले आईपीओ के बारे में सारी डिटेल्स

Paramount Dye Tec Limited IPO 30 सितंबर को सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन हो रहा है और यह 3 अक्टूबर को क्लोज हो जाएगा। कंपनी इस आईपीओ के जरिये 28.43 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है, जिसके लिए वह 24.3 लाख नए शेयर (फ्रेश इश्यू) जारी करेगी।



Paramount Dye Tec IPO का प्राइस बैंड 111-117 रुपये प्रति शेयर है। इसकी लॉट साइस 1,200 शेयरों की है। ऐसे में बोली लगाने के लिए रिटेल इन्वेस्टर्स को कम से कम 140,400 रुपये का निवेश करना होगा। HNI को कम से कम 2 लॉट खरीदने होंगे। Paramount Dye Tec Limited IPO के शेयरों का अलॉटमेंट 4 अक्टूबर को और NSE पर लिस्टिंग 8 अक्टूबर 2024 को होगी।

जनवरी 2014 में बनी कंपनी पैरामाउंट डाई टेक लिमिटेड कपड़ा उद्योग के B2B के तहत काम करती है। कंपनी अपशिष्ट सिंथेटिक फाइबर को रीसाइक्लिंग करके यार्न का प्रोडक्शन करती है। FY24 में पैरामाउंट डाइ टेक लिमिटेड का रेवेन्यू 46 करोड़ रुपये, जबकि FY23 में 2,3.67 और FY22 में 1,6.90 करोड़ रुपये रहा। Paramount Dye Tec Limited का नेट मुनाफा यानी टैक्स के बाद प्रॉफिट (PAT) FY24 में 3.16 करोड़, FY23 में 15.94 लाख और FY22 में भी 15.94 लाख रुपये रहा था।

Subam Papers IPO सब्सक्रिप्शन के लिए 30 सितंबर को ओपन होगा और 3 अक्टूबर को क्लोज हो जाएगा। कंपनी आईपीओ के जरिये 93.70 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। इसके लिए वह 61.65 लाख शेयरों का फ्रेश इश्यू जारी करेगी।

सुबम पेपर्स आइपीओ का प्राइस बैंड 144-152 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। इसके एक लॉट में 800 शेयर होंगे। यानी रिटेल इन्वेस्टर को कम से कम 121,600 रुपये का निवेश करना होगा। HNI को 2 लॉट कम से कम खरीदना ही होगा।

सुबम पेपर्स के आईपीओ की अलॉटमेंट डेट 4 अक्टूबर है। इसकी लिस्टिंग की तारीख 8 अक्टूबर 2024 को है। इस SME IPO की लिस्टिंग BSE पर होगी।

## कम से कम 1.20 लाख का निवेश करना होगा

NeoPolitan Pizza and Foods का IPO प्राइस 20 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। इसके आईपीओ के लिए रिटेल इन्वेस्टर्स को कम से कम 120,000 रुपये का निवेश करना होगा, क्योंकि इस आईपीओ के लिए लॉट साइज 6000 शेयरों की है। HNI को कम से कम 12,000 शेयर खरीदने होंगे। नियोपॉलिटन पिज्जा एंड फूड्स IPO की अलॉटमेंट डेट 7 अक्टूबर है। SME कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग BSE पर होगी। लिस्टिंग की तारीख 9 अक्टूबर 2024 है। नियोपॉलिटन पिज्जा एंड फूड्स लिमिटेड के दो बिजनेस हैं। एक तो कंपनी रेस्तरां चलाती है, दूसरा यह कृषि वस्तुओं यानी एग्रीकल्चर कमोडिटी के लिए ट्रेडिंग करती है। अपने रेस्तरां बिजनेस में यह पिज्जा और अन्य इटालियन डिश बनाती है और बेचती है। फाइनेंशियल्स की बात की जाए तो इसका FY24 में रेवेन्यू 44 करोड़ के करीब, जबकि FY23 और FY22 में क्रमशः 20 और 16 करोड़ के करीब रहा था। इसका PAT FY24 के दौरान सालाना आधार पर 80% बढ़कर 2.10 करोड़ रुपये हो गया।

# आरडी और एसआईपी का कॉम्बो प्रोडक्ट लाने की तैयारी कर रहा SBI : चेयरमैन सीएस शेट्टी

नई दिल्ली ■ एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने कहा कि जमाकर्ताओं को आकर्षित करने के लिए बैंक आवर्ती जमा (RD) और SIP के संयुक्त उत्पाद सहित नवोन्मेषी उत्पाद लाने पर विचार कर रहा है।

उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था की प्रगति के साथ, ग्राहक वित्तीय रूप से अधिक जागरूक और मांग करने वाले बन रहे हैं और उन्होंने नवीन निवेश साधनों की तलाश शुरू कर दी है। शेट्टी ने कहा कि



आज ग्राहक मूल्य प्रस्ताव पर ध्यान दे रहे हैं, क्योंकि वित्तीय साक्षरता बढ़ रही है और परिसंपत्ति आवंटन की अवधारणा को अधिक महत्व मिलेगा। उन्होंने बातचीत में कहा, "जाहिर है, कोई भी व्यक्ति जोखिम वाली परिसंपत्ति में अपना सब कुछ नहीं लगाना चाहता है। बैंकिंग उत्पाद हमेशा इसका हिस्सा रहेंगे। इसलिए, हम ऐसे उत्पाद लाने की कोशिश कर रहे हैं जो उन्हें आकर्षित करें।" एसबीआई चेयरमैन ने कहा, "हम कुछ पारंपरिक उत्पादों जैसे आवर्ती जमा, जो वास्तव में एक पारंपरिक एसआईपी है, में नवीनता लाने का प्रयास कर रहे हैं हो सकता है, हम सावधि जमा/आवर्ती जमा और एसआईपी दोनों को मिलाकर एक संयुक्त उत्पाद दे सकें जो डिजिटल रूप से सुलभ हो सके।" उन्होंने कहा कि बैंक नई पीढ़ी के बीच जमा उत्पादों को लोकप्रिय बनाने के लिए इन नवाचारों पर विचार कर रहा है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि बैंक ने जमा जुटाने के लिए बड़े पैमाने पर एक पहुंच कार्यक्रम शुरू किया है।

## भारत का लौह अयस्क उत्पादन अप्रैल-अगस्त में 7.4% बढ़कर 11.6 करोड़ टन हुआ

**नई दिल्ली**। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-अगस्त अवधि के दौरान लौह अयस्क और मैंगनीज अयस्क के उत्पादन में इजाफा हुआ। खान मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, उक्त अवधि के दौरान लौह अयस्क का उत्पादन 7.4 प्रतिशत बढ़कर 116 मिलियन टन यानी 11.6 करोड़ टन हो गया। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 108 मिलियन टन (10.8 करोड़ टन) का उत्पादन हुआ था। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अप्रैल-अगस्त अवधि के दौरान मैंगनीज अयस्क का उत्पादन 15.4 प्रतिशत बढ़कर 1.5 मीट्रिक टन हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 1.3 मीट्रिक टन था। मूल्य की दृष्टि से लौह अयस्क खनिज के कुल उत्पादन का लगभग 70 प्रतिशत है।

## आसुस का भारत का टॉप पीसी ब्रांड बनने का लक्ष्य, आक्रामक तरीके से कर रही है विस्तार

**नई दिल्ली**। ताइवान की प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी आसुस का लक्ष्य दो साल में 25-30 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारत का शीर्ष पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) ब्रांड बनने का है। कंपनी इसके लिए खुदरा बाजार में आक्रामक रूप से विस्तार की योजना बना रही है।

आसुस इंडिया के सिस्टम बिजनेस समूह के उपाध्यक्ष (उपभोक्ता एवं गेमिंग पीसी) अर्नोल्ड सु ने कहा कि आसुस ने भारत में अपनी बाजार हिस्सेदारी 2017 में 6.3 प्रतिशत से तीन गुना बढ़ाकर 2023 में 17.8 प्रतिशत कर ली है। इसके साथ ही यह देश में दूसरे नंबर का उपभोक्ता नोटबुक ब्रांड बन गया है।

# स्पोर्ट्स

### व्यक्तिगत वर्ग में रोमानिया के लुका जोल्डिया ने स्वर्ण पदक जीता

# भारतीय निशानेबाजों ने पेरू में जूनियर विश्व चैंपियनशिप में टीम स्पर्धा में दो स्वर्ण जीते

नई दिल्ली ■ एजेंसी

भारतीय निशानेबाजों ने पेरू के लीमा में चल रही आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) में पुरुषों और महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में टीम स्वर्ण पदक जीतकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की लेकिन एक निशानेबाज पर देर से पहुंचने के कारण दो अंक का जुर्माना लगाया गया।

उमेश चौधरी, प्रद्युम्न सिंह और मुकेश नेलवल्ली की जूनियर पुरुष टीम ने 1726 अंकों के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल में टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम दूसरा स्थान हासिल करने वाले रोमानिया से 10 अंक आगे रही। इटली ने 1707 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। चौधरी हालांकि फाइनल के लिए देर से रिपोर्ट करने के कारण दो अंक का जुर्माना लगने से पदक हासिल करने से चूक गए। चौधरी और प्रद्युम्न ने क्वालिफिकेशन राउंड में क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहते हुए व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाई थी। चौधरी ने 580 और प्रद्युम्न ने 578 का स्कोर किया, लेकिन फाइनल में वे क्रमशः छठे और आठवें स्थान पर रहे। नेलवल्ली 574 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन में नौवें स्थान पर रहे और इस तरह से फाइनल में जगह नहीं बना पाए। व्यक्तिगत वर्ग में रोमानिया के लुका जोल्डिया ने स्वर्ण पदक जबकि चीनी ताइपे के हसिह सियांग चेन ने रजत पदक जीता। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में कनिष्का डागर, लक्षिता और अंजलि चौधरी की भारतीय टीम ने 1708 का स्कोर करके स्वर्ण पदक हासिल किया। भारतीय टीम ने अजरबेजान को एक अंक से पीछे छोड़ा। यूक्रेन की टीम ने कांस्य पदक हासिल किया।



## डागर तीसरे और कनक पांचवें स्थान पर रहीं

डागर और कनक ने क्वालीफाइंग दौर में समान 573 का स्कोर बनाया। डागर ने हालांकि 10 अंक के अधिक स्कोर बनाए थे और इस कारण वह तीसरे जबकि कनक पांचवें स्थान पर रही। फाइनल में कनक ने 217.6 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता जबकि डागर आठवें स्थान पर रहीं। चीनी ताइपे की चेन यू-चुन ने स्वर्ण पदक जबकि स्लोवाकिया की मांजा स्लैक ने रजत पदक हासिल किया।

## कानपुर टेस्ट मैच के तीसरे दिन भी शुरू नहीं हुआ खेल

कानपुर ■ एजेंसी

भारत बनाम बांग्लादेश दो मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा और आखिरी मैच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला जा रहा है। हालांकि, पहले तीन दिन के खेल में सिर्फ कुछ ही घंटे का खेल आयोजित हो सका है। पहले दिन जरूर 35 ओवर का खेल हुआ, लेकिन अगले दो दिन गेंद भी नहीं फेंकी जा सकी। कानपुर में मैच के तीसरे दिन रविवार को फैंस भारी संख्या में पहुंचे, क्योंकि बारिश नहीं हुई, लेकिन मैदान एक तरफ गीला था तो मैच ऑफिशियल्स ने तीन बार इंस्पेक्शन करने के बाद दिन के खेल को कॉल्ड ऑफ कर दिया। अंपायर और मैच रेफरी ने 10 बजे इंस्पेक्शन किया, मगर उन्होंने खेलने के लिए मैदान को सही नहीं पाया। अगला इंस्पेक्शन 12 बजे हुआ, जिसमें भी पाया गया कि आउट फील्ड खेलने लायक नहीं है और तीसरा इंस्पेक्शन 2 बजे हुआ तो दिन के खेल को रद्द कर दिया गया। बता दें कि पहले दिन का खेल खराब रोशनी के चलते समय से पहले खत्म कर दिया गया था, जबकि दूसरे दिन बारिश और मैदान गीला होने की वजह से एक भी गेंद नहीं डली। तीसरे दिन बारिश तो नहीं हुई, लेकिन आउटफील्ड अच्छा नहीं था। स्कोर बांग्लादेश का 107/3 है।

## अभ्यास क्षेत्र में देरी से पहुंचने पर भारतीय निशानेबाज पर लगा जुर्माना, कटे दो अंक

नई दिल्ली ■ एजेंसी

भारत के एक निशानेबाज पर पेरू के लीमा में चल रही आईएसएसएफ जूनियर निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल के लिए अभ्यास क्षेत्र में देर से पहुंचने के कारण दो अंक का जुर्माना लगाया गया जिस कारण वह पदक हासिल करने से रह गया। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी महासंघ (आईएसएसएफ) ने 20 वर्षीय निशानेबाज उमेश चौधरी पर नियम 6.17.1.3 के उल्लंघन के लिए दो अंक का जुर्माना लगाया। इससे भारत के 60 सदस्यीय दल में शामिल कोच और सहायक स्टाफ की भूमि का पर सवाल उठने लगे हैं।

### पदक दौर में छठे स्थान पर रहे

चौधरी को फाइनल में अपने पहले शॉट पर दो अंक कटने के बाद 7.4 अंक मिले। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के सचिव राजीव भाटिया से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्हों ने कहा कि उन्हें इस घटना के बारे में कोई जानकारी नहीं है और वह इस मसले पर टिप्पणी नहीं करना चाहते हैं। चौधरी क्वालिफिकेशन दौर में 580 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे और अगर उन पर दो अंक का जुर्माना नहीं लगाया होता तो वह आठ निशानेबाजों के फाइनल में स्वर्ण पदक जीत सकते थे। जुर्माना लगाए जाने के कारण चौधरी पदक दौर में छठे स्थान पर रहे।



### निशानेबाजों को भी पता होना चाहिए नियम

भाटिया को जब याद दिलाया गया कि जुर्माने का विवरण आईएसएसएफ की वेबसाइट पर भी है, तो उन्होंने कहा, हो सकता है कि वह समय पर अभ्यास क्षेत्र में नहीं पहुंचे होंगे। मैं नहीं जानता कि वह क्यों और किस कारण से समय पर नहीं पहुंचे। मुझे वहां (पेरू में) मौजूद अधिकारियों से पता करना होगा। यह पूछे जाने पर कि क्या कोचों को अधिक सतर्क रहना चाहिए तो उन्होंने कहा, मैं इस पर कुछ नहीं कहूंगा क्योंकि हमें कुछ भी नहीं बताया गया है। मैं इस पर चर्चा नहीं करना चाहता। उन्होंने कहा, यह संभव नहीं है कि ऐसा पहली बार हुआ है। क्या आपको लगता है कि केवल कोच जिम्मेदार हैं और निशानेबाजों की कोई जिम्मेदारी नहीं है? उन्हें नियमों के बारे में पता होना चाहिए। आखिर वह विश्व चैंपियनशिप में भाग ले रहे हैं।

### गुलवीर सिंह ने बढ़ाया भारत का मान

## चैलेंज कप में नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ 5000 मीटर स्पर्धा में जीता स्वर्ण

नई दिल्ली ■ एजेंसी

भारत के गुलवीर सिंह ने शनिवार को जापान के निगाटा में विश्व एथलेटिक्स उपमहाद्वीपीय टूर के योगिबो एथलेटिक्स चैलेंज कप में पुरुषों के 5000 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम करते हुए स्वर्ण पदक जीता। पिछले साल हांगझोऊ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले गुलवीर ने विश्व एथलेटिक्स के इस 'ब्रॉन्ज लेवल मीट' में 13 मिनट 11.82 सेकंड के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर अपने पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया।



26 वर्षीय खिलाड़ी ने इस साल की शुरुआत में पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल में 13 मिनट 18.92 सेकंड के समय के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया था।

### स्पेनिश फुटबॉल लीग : ओसासुना ने बार्सिलोना को 4-2 से पराजित किया

# ओसासुना ने थामा बार्सिलोना का विजय अभियान

बार्सिलोना ■ एजेंसी

ब्रायन जरागोजा के बेहतरीन प्रदर्शन से ओसासुना ने बार्सिलोना को 4-2 से पराजित करके स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में पिछले सात मैच से चला आ रहा उसका विजय अभियान रोक दिया और इस तरह से उसे क्लब के रिकॉर्ड की बराबरी नहीं करने दी। बायर्न म्यूनिख की तरफ से खेल चुके फॉरवर्ड जरागोजा ने 17वें मिनट में एंटे बुदिमीर के लिए गोल बनाया और फिर 28वें मिनट में गोलकीपर इनाकी पेना को छकाकर स्कोर 2-0 कर दिया।

बार्सिलोना के युवा खिलाड़ी पाउ विक्टर ने



53वें मिनट में गोल करके दर्शकों में कुछ जोश भरा लेकिन बुदिमीर ने 72वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर मैच का परिणाम लगभग सुनिश्चित कर लिया। एबेल ब्रेटोन्स ने 85वें मिनट में स्कोर 4-1 कर दिया जबकि स्थानापन्न लैमिन यामल ने बार्सिलोना के लिए दूसरा गोल किया। बार्सिलोना ने स्पेनिश लीग के इस सत्र में पहले सात मैच जीतकर शानदार शुरुआत की थी। अगर वह ओसासुना को हरा देता तो 2013 में बनाए गए शुरुआती आठ मैच जीतने के अपने पिछले रिकार्ड की बराबरी कर लेता।

**मेसी के गोल से शीर्ष वरीयता हासिल करने के करीब पहुंचा इंटर मियामी** : लियोनेल मेसी ने अपनी ख्याति के अनुरूप शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल दागा जिससे इंटर मियामी मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप प्लेऑफ के लिए शीर्ष वरीयता हासिल करने के करीब पहुंच गया। मेसी ने 67वें मिनट में गोल किया जिसकी बदौलत इंटर मियामी ने शनिवार रात चार्लोट एफसी के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ खेलकर मेजर लीग सॉकर में अपने अजेय अभियान को आठ मैच तक पहुंचा दिया। मेसी का इस सत्र में 16 लीग मैचों में यह 15वां गोल था।

मेसी एमएलएस इतिहास में एक सत्र में कम से कम 15 गोल करने और 15 गोल में मदद करने वाले छठे खिलाड़ी बन गए हैं। उनकी यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस बीच वह विभिन्न कारणों से लीग के 15 मैचों में नहीं खेल पाए थे। इस मैच में ड्रॉ से इंटर मियामी प्लेऑफ के लिए शीर्ष वरीयता हासिल करने के करीब पहुंच गया है। उसके अभी 65 अंक हैं जबकि उसके करीबी कोलंबस के 57 अंक हैं।

# श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को पहली बार टेस्ट में किया क्लीन स्वीप

एजेंसी ▸▸| गॉल

श्रीलंका ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन ही न्यूजीलैंड को पारी और 154 रन से करारी शिकस्त देकर दो मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया। यह पिछले 15 वर्षों में पहला अवसर है जबकि उसने न्यूजीलैंड को श्रृंखला में हराया। श्रीलंका के इस जीत के नायक बाएं हाथ से स्पिनर प्रभात जयसूर्या रहे। उन्होंने दो मैच में 18 विकेट लिए और उन्हें श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

इस बीच कामिंदु मेंडिस को दूसरे टेस्ट मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने नाबाद 182 रन बनाए जिससे श्रीलंका ने अपनी पहली पांच विकेट पर 602 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। न्यूजीलैंड की पहली पारी केवल 88 रन पर सिमट गई थी और उसे फॉलोऑन के लिए मजबूर होना पड़ा। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 360 रन बनाकर कुछ चुनौती पेश की लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

**खास बातें**

- जयसूर्या प्लेयर ऑफ द सीरीज, झटके 18 विकेट
- दूसरे मैच में पारी और 154 रन से दर्ज की जीत
- 182 रन बना कर कामिंदु मेंडिस बने मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी




**खबर संक्षेप**



## कमल चावला की नजरें वर्ल्ड गेम्स पर


**भोपाल।** भारत के शीर्ष क्यू खिलाड़ियों में शामिल कमल चावला हाल ही में आईबीएसएफ विश्व पुरुष 6-रेड स्नूकर चैंपनशिप का खिताब जीतने के बाद अगले साल चीन में होने वाले 'वर्ल्ड गेम्स' में अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ना चाहते हैं। 'वर्ल्ड गेम्स' बहु खेल आयोजन है जिसमें ओलंपिक से बाहर रहने वाले खेलों को शामिल किया जाता है। इसका आयोजन अगले साल सात से 17 अगस्त तक चीन के चेंगदू में होगा। इसमें स्नूकर और बिलियर्ड्स से जुड़े खेलों को भी शामिल किया गया है।

## ओडिशा में खुलेंगे खेलो इंडिया के पांच केंद्र

**बरहमपुर।** ओडिशा के पांच जिलों में केंद्र सरकार की योजना के तहत खेलों इंडिया केंद्र खोले जाएंगे। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। नए केआईसी तीन खेलों से जुड़े होंगे और ये केंद्र गंजम, गजपति, झारसुगुड़ा, नयागढ़ और देवगढ़ जिलों में खोले जाएंगे। खेलो इंडिया बास्केटबॉल केंद्र गंजम जिले के क्वीन ऑफ मिशन हाई स्कूल में खोला जाएगा। खेलो इंडिया खो-खो केंद्र क्रमशः गजपति और झारसुगुड़ा जिलों के एसवीटी हाई स्कूल और आरके स्कूल में खोले जाएंगे।

## यूसुफ ने पाक का राष्ट्रीय चयनकर्ता पद छोड़ा

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोहम्मद यूसुफ ने निजी कारणों का हवाला देते हुए रविवार को राष्ट्रीय चयनकर्ता का पद छोड़ दिया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'मैं व्यक्तिगत कारणों से पाकिस्तान क्रिकेट टीम के चयनकर्ता के रूप में अपने इस्तीफे की घोषणा करता हूं। इस बेहतरीन टीम की सेवा करना मेरे लिए शानदार रहा है। मुझे पाकिस्तान क्रिकेट के विकास और सफलता में योगदान देने पर गर्व है।'



## दबदबा बनाना चाहेगी भारतीय फुटबॉल टीम



**थिम्पू।** भारतीय फुटबॉल टीम सोमवार को यहां सैफ अंडर-17 चैम्पियनशिप के फाइनल में बांग्लादेश के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश टूर्नामेंट में जारी अपने दबदबे को बनाये रखने की होगी। भारत ने नौ दिन पहले टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मैच (ग्रुप चरण) में बांग्लादेश पर 1-0 से जीत दर्ज की थी। पिछले साल भी भारतीय टीम ने लीग चरण में बांग्लादेश को 1-0 से हराने के बाद फाइनल में 2-0 से शिकस्त दी थी। मुख्य कोच इश्फाक अहमद और टीम के खिलाफ फाइनल मे पिछले साल के परिणाम को दोहराना चाहेंगे।

# भारत ने जूनियर विश्व चैंपियनशिप निशानेबाजी में जीते दो टीम स्वर्ण

**उमेश, प्रद्युम्न और मुकेश 1726 अंकों के साथ रहे शीर्ष पर**

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय निशानेबाजों ने पेरू के लीमा में चल रही आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) में पुरुषों और महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में टीम स्वर्ण पदक जीतकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की लेकिन एक निशानेबाज पर देर से पहुंचने के कारण दो अंक का जुर्माना लगाया गया।

उमेश चौधरी, प्रद्युम्न सिंह और मुकेश नेलवल्ली की जूनियर पुरुष टीम ने 1726 अंकों के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल में टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम दूसरा स्थान हासिल करने वाले रोमानिया से 10 अंक आगे रही। इटली ने 1707 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता।

चौधरी हालांकि फाइनल के लिए देर से रिपोर्ट करने के कारण दो अंक का जुर्माना लगने से पदक हासिल करने से चूक गए। चौधरी और प्रद्युम्न ने क्वालिफिकेशन राउंड में क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहते हुए व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाई थी। चौधरी ने 580 और प्रद्युम्न ने 578 का स्कोर किया, लेकिन फाइनल में वे क्रमशः छठे और आठवें स्थान पर रहे।



**महिला टीम ने किया 1708 का स्कोर**



*महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में कनिष्का डागर, लक्षिता और अंजलि चौधरी की भारतीय टीम ने 1708 का स्कोर करके स्वर्ण पदक हासिल किया। भारतीय टीम ने अजरबेजान को एक अंक से पीछे छोड़ा। यूक्रेन की टीम ने कांस्य पदक हासिल किया। डागर और कनक ने क्वालीफाइंग दौर में समान 573 का स्कोर बनाया। डागर ने हालांकि 10 अंक के अधिक स्कोर बनाए थे और इस कारण वह तीसरे जबकि कनक पांचवें स्थान पर रही। फाइनल में कनक ने 217.6 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता जबकि डागर आठवें स्थान पर रहीं। चीनी ताइपे की चेन यू-चुन ने स्वर्ण पदक जबकि स्लोवाकिया की मांजा स्लैक ने रजत पदक हासिल किया।*

## भारत ने वुशु में जीते दो स्वर्ण सहित सात पदक

*भारतीय वुशु खिलाड़ियों ने रविवार को ब्रुनेई के में समाप्त हुई नौवीं जूनियर विश्व चैंपियनशिप में दो स्वर्ण सहित सात पदक जीते। भारत ने प्रतियोगिता में एक रजत और चार कांस्य पदक भी जीते। भारतीय वुशु संघ ने कहा, 'यह पहली बार है जब 48 किग्रा भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे भारतीय खिलाड़ी आर्यन ने चीन के खिलाड़ी के खिलाफ कड़े मुकाबले में स्वर्ण पदक जीता।' भारतीय खिलाड़ी शौर्य ने ईरान के प्रतिद्वंद्वी को हराकर एक और स्वर्ण पदक जीता। नांग मिंगबी बोरफुकन ने ताओलू जियान शू सी ग्रुप स्पर्धा में रजत पदक जीता। तनिश नागर (56 किग्रा), अभिजीत (60 किग्रा), दिव्यांशी (60 किग्रा महिला) और युवराज (42 किग्रा) ने कांस्य पदक जीता। इस चैंपियनशिप में 24 सदस्यीय भारतीय टीम ने हिस्सा लिया।*




**टेस्ट क्रिकेट**

# भारत/बांग्लादेश : तीसरे दिन भी नहीं हो पाया खेल



एजेंसी ▸▸| कानपुर

भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन का खेल रविवार को यहां बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बगैर रद्द कर दिया गया। रात में हुई बारिश के कारण खेल शुरू होने में देर हुई, लेकिन दोपहर दो बजे के आसपास धूप निकल आई थी। मैदान के कुछ हिस्सों में ज्यादा नमी थी इसलिए अधिकारियों ने दिन का खेल रद्द करने का फैसला किया। रूक-रूक कर हो रही बारिश और गीली आउटफील्ड के कारण लगभग आठ सत्र का खेल बर्बाद हो गया है।

- गीली आउटफील्ड के कारण लगभग आठ सत्र का खेल बर्बाद

दो मैचों की श्रृंखला के अंतिम मैच का परिणाम प्रभावित होगा। मैच के दूसरे और तीसरे दिन खेल नहीं होने के कारण इस स्थल की ड्रेनेज सुविधा (जल निकासी व्यवस्था) पर सवाल उठाए गए हैं। पहले दिन बांग्लादेश ने तीन विकेट पर 107 रन बनाए थे जब बारिश के कारण 35 ओवर ही फेंके जा सके थे। भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप ने बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन और शादमान इस्लाम को आउट किया था जबकि रविचंद्रन अश्विन ने कप्तान नजमुल हुसैन शंटो का विकेट लिया। भारत दो मैचों की श्रृंखला में पहला टेस्ट 280 रन से जीतकर 1-0 से आगे है।



**मियामी मेजर लीग**

# मेसी ने दागा सत्र का 15वां गोल, 15 में की मदद



एजेंसी ▸▸| फोर्ट लॉडरडेल

लियोनेल मेसी ने अपनी ख्याति के अनुरुप शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल दागा जिससे इंटर मियामी मेजर लीग सॉकर कप प्लेऑफ के लिए शीर्ष वरीयता हासिल करने के करीब पहुंच गया। मेसी ने 67वें मिनट में गोल किया जिसकी बदौलत इंटर मियामी ने शनिवार रात चार्लोट एफसी के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ खेलकर मेजर लीग सॉकर में अपने अजेय अभियान को आठ मैच तक पहुंचा दिया। मेसी का इस सत्र में 16 लीग मैचों में यह 15वां गोल था। मेसी एमएलएस इतिहास में एक सत्र में कम से कम 15 गोल करने और 15 गोल में मदद करने वाले छठे खिलाड़ी बन गए हैं। उनकी यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस बीच वह विभिन्न कारणों से लीग के 15 मैचों में नहीं खेल पाए थे। इस मैच में ड्रॉ से इंटर मियामी प्लेऑफ के लिए शीर्ष वरीयता हासिल करने के करीब पहुंच गया है। उसके अभी 65 अंक हैं जबकि उसके करीबी कोलंबस के 57 अंक हैं।

## थमा बार्सिलोना का विजय अभियान

**बार्सिलोना।** ब्रायन जरागोजा के बेहतरीन प्रदर्शन से ओसासुना ने बार्सिलोना को 4-2 से पराजित करके स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में पिछले सात मैच से चला आ रहा उसका विजय अभियान रोक दिया। बायर्न म्यूनिख की तरफ से खेल चुके फॉरवर्ड जरागोजा ने 17वें मिनट में एंटे बुदिमीर के लिए गोल बनाया और फिर 28वें मिनट में गोलकीपर इनाकी पेना को छकाकर स्कोर 2-0 कर दिया। बार्सिलोना के युवा खिलाड़ी पाउ विक्टर ने 53वें मिनट में गोल करके दर्शकों में कुछ जोश भरा लेकिन बुदिमीर ने 72वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर मैच का परिणाम लगभग सुनिश्चित कर लिया। एबेल ब्रेटोन्स ने 85वें मिनट में स्कोर 4-1 कर दिया जबकि स्थानापन्न लैमिन यामल ने बार्सिलोना के लिए दूसरा गोल किया।

## हरियाणा की भाला फेंक एथलीट ज्योति ने जीता स्वर्ण पदक

**पटना (भाषा)।** दिल्ली के 'क्वार्टर-मिलर' तुषार कांति मन्ना और हरियाणा की भाला फेंक एथलीट ज्योति ने रविवार को इंडियन ओपन अंडर 23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतिम दिन मीट रिकॉर्ड को बेहतर बनाकर स्वर्ण पदक जीते। मन्ना ने 400 मीटर में स्वर्ण जीतने के लिए मीट रिकॉर्ड के साथ 46 सेकेंड की बाधा भी पार की, वहीं ज्योति ने अपने ही भाला फेंक मीट रिकॉर्ड में सुधार किया।

मन्ना ने पुरुषों की 400 मीटर में 45.92 सेकेंड से मीट रिकॉर्ड बेहतर किया और आयुष डबास द्वारा 2021 में बनाए गए 46.58 सेकेंड के मीट रिकॉर्ड में सुधार किया। भाला फेंक के मैदान में गत चैंपियन ज्योति ने पांचवें प्रयास (58.49 मीटर) में एक बड़ा थ्रो किया जो 2023 में बने 52.77 मीटर के उनके पिछले मीट रिकॉर्ड से बेहतर था। ज्योति की टीम की साथी दीपिका ने भी 54.71 मीटर के थ्रो से पिछले मीट रिकॉर्ड को बेहतर किया। ओडिशा के अनिमेष कुजूर और महाराष्ट्र की सुदेशना हनमंत शिवंकर 100 मीटर के सबसे तेज पुरुष और महिला एथलीट रहे। कुजूर ने 10.40 सेकेंड का समय लिया जबकि सुदेशना का समय 11.76 सेकेंड रहा।

# नए एनसीए में 3 मैदान, 86 पिच की सुविधा

एजेंसी ▸▸| बेंगलुरु

भारतीय क्रिकेट को लेकर रविवार को एक अच्छी खबर सामने आई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने बेंगलुरु में अपने नए नेशनल क्रिकेट एकेडमी का उद्घाटन करते हुए खिलाड़ियों को नया गिफ्ट दिया है। इसी के साथ बीसीसीआई ने एक और बड़ा ऐलान किया है।

बोर्ड ने अब से एनसीए का नाम भी बदल दिया है। एनसीए अब बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के नाम से जाना जाएगा। 40 एकड़ में फैले बीएसई को क्रिकेट प्रतिभाओं को संवारने और खेल को आगे बढ़ाने का केंद्र बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। बीएसई में कुल 3 मैदान और 86 पिच हैं, जिनमें इनडोर और आउटडोर दोनों शामिल हैं। यह भारतीय क्रिकेट के लिए एक शानदार मूव रहेगा।







### 3 वर्ल्ड क्लास क्रिकेट मैदान

*इस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में 3 वर्ल्ड क्लास क्रिकेट मैदान हैं. इन सभी मैदानों का ड्रेनेज सिस्टम भी कमाल का है। बीसीसीआई ने एक वीडियो शेयर करके इस एकेडमी की डिटेल्स दी। बताया गया है कि यहां एक मुख्य मैदान ग्राउंड-ए है, जो 85 गज का है।*

### लाल मिट्टी की 13 पिचें

*ग्राउंड-ए में मुंबई लाल मिट्टी की 13 पिचें हैं। ये दूधिया रोशनी में मैचों की मेजबानी और टेलीकास्ट कर सकता है। ग्राउंड-बी और सी 75 गज का अभ्यास मैदान हैं, जिसमें 11 मंड्या मिट्टी की पिच और 9 ओडिशा के कालाहांडी से ब्लैक कॉटन मिट्टी की पिच हैं।*

**बीसीसीआई ने आईपीएल गवर्निंग काउंसिल की एनुअल मीटिंग में दी जानकारी**

# धोनी 'अनकैप्ड' खिलाड़ी, टीमों के पर्स में 120 करोड़ रुपये

एजेंसी ▸▸| बेंगलुरु

इंडियन प्रीमियर लीग की संचालन परिषद में शनिवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने फैसला किया कि जिन भारतीय खिलाड़ियों ने कम से कम पांच कैलेंडर वर्ष में कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है, उन्हें 'अनकैप्ड' खिलाड़ी माना जाएगा। हालांकि माना जा रहा है कि यह कदम इसलिए उठाया गया ताकि चेन्नई सुपर किंग्स अपने स्टार क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को रिटेन कर सके जो आखिरी बार 2019 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल में देश के लिए खेले थे।यह जानकारी बीसीसीआई ने शनिवार को आईपीएल गवर्निंग काउंसिल की एनुअल मीटिंग के बाद दी।

अब टीमों की पर्स लिमिट भी 100 करोड़ से बढ़ाकर 120 करोड़ रुपए कर दी गई है। टीमों को मेगा ऑक्शन में राइट टु मैच कार्ड भी मिलेगा। एक टीम स्क्वॉड के ज्यादा से ज्यादा 6 प्लेयर्स को रिटेन कर सकती है।



### इम्पैक्ट प्लेयर रूल नहीं हटेगा

2023 में शामिल हुए इम्पैक्ट प्लेयर रूल को भी आईपीएल से नहीं हटाया जाएगा। इस नियम की मदद से टीमें प्लेइंग-11 के किसी एक खिलाड़ी को बीच मैच में बेंच पर बैठे खिलाड़ी से रिप्लेस कर सकती हैं। पिछले सीजन में इस नियम के इस्तेमाल से तेजी से रन बनने का सिलसिला बढ़ गया। जिससे टूर्नामेंट इतिहास के टॉप-10 में 9 हाईएस्ट स्कोर पिछले सीजन ही बन गए।

### 'अनकैप्ड' खिलाड़ी को मिलेंगे 4 करोड़

'अनकैप्ड' खिलाड़ी के लिए रिटेन करने का खर्चा चार चार करोड़ रुपए होगा इसलिए सीएसके अगर धोनी को रिटेन भी करती है तो नीलामी के लिए निश्चित रूप से काफी बचत कर सकती है। 2022 में एक टीम को चार खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति दी गई थी।

### लगेगा 2 साल का बैन

विदेशी खिलाड़ियों के लिए भी विशेष नियम रहेगा। कई खिलाड़ी किसी कारणवश अपनी फ्रेंचाइजी को छोड़ देते हैं। बीसीसीआई इस तरह के खिलाड़ी पर दो साल का प्रतिबंध लगाने की योजना बना रहा है।

### मैच फीस 7.5 लाख रुपए


आईपीएल 2025 में खिलाड़ियों की और ज्यादा कमाई होने वाली है। बीसीसीआई ने हर एक खिलाड़ी को प्रति मैच 7.5 लाख की मैच फीस देने का फैसला लिया है। इसका मतलब यह है कि खिलाड़ियों के कॉन्ट्रैक्ट के अलावा, फ्रेंचाइजी उन्हें सीजन के दौरान उनके खेलने के लिए भी भुगतान करेगी। प्रत्येक फ्रेंचाइजी सीजन के लिए मैच फीस के रूप में 12.60 करोड़ रुपए आवंटित करेगी। यह राशि फ्रेंचाइजी के ऑक्शन पर्स से अलग होगी।

# शांति समीति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय,सभी वर्गों का रहेगा सहयोग।

रामकिशन कुशवाहा /तेंदूखेड़ा।आगामी तीन अक्टूबर से शुरू हो रहे शक्ति साधना के महापर्व शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान सुरक्षा तैयारियों को लेकर पुलिस थाना तेंदूखेड़ा में शांति समीति की बैठक एस डी ओ पी मधुर पटैरिया तहसीलदार रोहित सिंह नगर निरीक्षक बी एस चौधरी की उपस्थिति में आयोजित की गई जिसमें दुर्गोत्सव को धूमधाम हर्षोल्लास पूर्वक भक्तिमय वातावरण में मनाये जाने को लेकर विस्तार से चचाएं की गई। बैठक में प्रमुख विद्युत व्यवस्था को लेकर रहा विशेष रूप से चर्चा हुई जिसमें दुर्गोत्सव के दौरान अघोषित बिजली कटौती ना हो तथा सुबह और शाम के समय तो बिल्कुल ही ना की जाये। तथा पंडालों के समीप विद्युत तारों केबिल लाइन सुरक्षा का विशेष ध्यान दिया जाये। पंडालों में रात्रि के समय जबाबदार सदस्य उपलब्ध रहें।



निराश्रित मवेशियों को विचरण तथा मुख्य सड़क मार्गों पर झुंड ना रहें दर्शनार्थियों को परेशानी ना हो इसका हांका गेंग विशेष ध्यान रखें।आरतियों के समय भारी बाहनों की आवा-जाही कुछ समय के लिए स्टापर के साथ प्रतिबंधित रखी जाये। नगर के प्रतिष्ठित हरसिद्धि सिंहवाहिनी काली मठ खेरापति मंदिरों के साथ रात्रि में पंडालों में आरती के समय महिला एवं पुरुष पुलिस बल की व्यवस्था तैनात की जाये। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पुलिस बल के साथ एन सी सी और एन एस एस के स्वयंसेवकों की सेवाएं भी ली जायें।गौरतलब रहे कि नगर में दुर्गोत्सव काफी धूमधाम से मनाया जाता है जिसमें लगभग सभी वर्गों का सहयोग बढ़-चढ़ कर मिलता है पूर्व की भांति सहयोग मिलता रहेगा सभी ने अपनी अपनी स्वीकृति प्रदान की। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ साथ स्थानीय जनप्रतिनिधिगण समाजसेवी एवं दुर्गा समीतियों के प्रमुख बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




## गीता भवन ट्रस्ट प्रमुख को मिली सहयोग राशि



सिंगाजी समाचार,सालगराम दास बैरागी/ उज्जैन।गीता भवन ट्रस्ट प्रमुख श्री मेलवाणी जी को कथा वाचक बालकृष्ण शास्त्री ने रुपये 11000 हजार का सहयोग प्रदान किया। गीता भवन ट्रस्ट की गतिविधियों से अवगत होकर महाराज जी ने सराहना कर आत्मीयता से दान देकर ट्रस्ट को गति प्रदान की।

## केदारनाथ मंदिर पेटर्न पर बन रही झांकी, दुर्गोत्सव को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में

सिंगाजी समाचार ▶▶| रामकिशन कुशवाहा

**तेंदूखेड़ा।** आगामी तीन अक्टूबर से शुरू हो रहे शक्ति साधना के महापर्व शारदीय नवरात्रि को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में चल रही है। दुर्गा समीतियों द्वारा झांकियों को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है।इस बार जोरदार झांकियों को लेकर होड़ सी लगी हुई है। राजमार्ग स्थित लीला पेलेस परिसर में केदारनाथ पेटर्न पर मंदिर बनाकर मां जगदम्बा को



विराजमान किया जायेगा। तथा विद्युत की विशेष साज सज्जा के बीच अलग अलग दिवसों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।समीति से मिली जानकारी के अनुसार 7 अक्टूबर को भजन गायक मनीष अग्रवाल के भजनों की प्रस्तुति के साथ 8और 9अक्टूबर को गरवा महोत्सव के उपरांत संगीतमय महाआरती का आयोजन किया जाएगा। तेंदूखेड़ा में भी विभिन्न स्थानों पर प्रतिमाएं विराजमान की जायेंगी। एवं स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संगीतमय पांच आरतियों की धूम रहेगी।

## जनशिक्षा केंद्र स्तरीय हुआ शैक्षिक संवाद



रामकिशन कुशवाहा/तेंदूखेड़ा विगत दिवस शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा में शैक्षिक संवाद का आयोजन किया गया जिसमें मास्टर ट्रेनर कमलेश त्रिपाठी जनशिक्षक त्रिलोक जैन जगन्नाथ सिलावट एवं सतीश साहू सहित जनशिक्षा केंद्र अंतर्गत आने वाली प्राथमिक शालाओं व माध्यमिक शालाओं के सभी शिक्षक उपस्थित हुये।वंदना व परिचय के साथ शैक्षिक संवाद की शुरूआत हुई। शासन के नियमानुसार जो विषय निर्धारित हुए उन पर विस्तृत चर्चा हुई।सभी शिक्षकों ने अपने अपने अनुभव शैक्षिक संवाद में साझा किए।

## गड्ढों से बचने के प्रयास में हुआ हादसा:भोपाल-विदिशा हाईवे पर ट्रक और लोडिंग ऑटो की टक्कर, चालक घायल

भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर लंबाखेड़ा जोड़ के पास गड्डो के कारण बड़ा हादसा हो गया। भोपाल से पिलाई लेकर विदिशा जा रहे लोडिंग ऑटो की मिनी ट्रक से आमने-सामने भिड़ंत हो गई,टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक घायल हो गया है। हादसे की सूचना मिलते ही सलामतपुर थाना पुलिस और 100 डायल की टीम मौके पर पहुंची और घायल चालक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह दुर्घटना हाईवे पर बने गड्ढों से बचने के प्रयास में हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई कर रहीं है। हाईवे पर गड्ढों की वजह से आए दिन दुर्घटनाओं की शिकायतें मिलती रहती है, जिससे स्थानीय लोग भी परेशान है।

## कमजोर एससी, एसटी वर्ग के लिए कलेक्टर कार्यालय में हेल्प डेस्क तैयार करें: अपर मुख्य सचिव

सिंगाजी समाचार ▶▶| ज्योति शर्मा

*अच्छे कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को करें पुरस्कृत*

सागर । रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में निवेश करने वाले उद्यमियों को सिंगल विंडो के माध्यम से सभी अनुमतियां समय सीमा में प्रदान करे एवं अच्छे कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को पुरस्कृत करे साथ में कलेक्टर कार्यालय में हेल्प डेस्क तैयार कर उनकी मदद करें। उक्त निर्देश मध्यप्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव एवं सागर संभाग के प्रभारी एसएन मिश्रा ने संभागीय समीक्षा बैठक में दिए।संभागीय समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव एवं संभाग के प्रभारी एसएन मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव की मंशा के अनुसार सागर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में निवेश करने वाले उद्यमियों को सिंगल विंडो के माध्यम से समय सीमा में सभी अनुमतियां प्रदान करें।उन्होंने कहा कि अच्छे कार्य करने वाले अधिकारी,कर्मचारियों को समय-समय पर पुरस्कृत भी किया जाए। सभी कलेक्टर आकस्मिक दौरे कर जिलों के विकास कार्यों एवं कार्यालयों, विद्यालयों में अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति की मॉनिटरिंग करें। प्रत्येक पंचायत स्तर पर सक्षम अधिकारी/कर्मचारी को तैनात कर ग्रामवासियों के समस्याओं का निराकरण करायें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी प्राथमिकता के कार्यों की सूची बनाकर निराकरण करायें एवं समय-सीमा बैठक में आये पत्रों की प्रतिदिन सायंकाल समीक्षा कर निराकरण करें। उन्होंने सागर में बन रहे 100 करोड़ रुपए की लागत से संत रविदास मंदिर की प्रगति, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के प्रारंभ एवं भवन के कार्यों की प्रगति, छतरपुर में मेडिकल कॉलेज एवं विश्वविद्यालय भवन के निर्माण कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की। वही उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के जाति प्रमाण पत्रों के लिए विद्यालय स्तर पर शिविर लगाकर अधिक से अधिक जाति प्रमाण पत्र बनाएं इसी प्रकार आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए भी सभी जिला चिकित्सालयों एवं अन्य अस्पतालों में भी शिविर लगाकर अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं।इस अवसर पर कमिश्नर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत, पुलिस महानिरीक्षक प्रमोद वर्मा, पुलिस उप महानिरीक्षक सुनील जैन, कलेक्टर संदीप जी. आर., पुलिस अधीक्षक के विकास शाहवाल, सीसीएफ ए के सिंह, अपर कमिश्नर पवन जैन, अपर कलेक्टर रुपेश उपाध्याय, संयुक्त कलेक्टर विनय द्विवेदी, अदिति यादव, जूही गर्ग, विजय डहेरिया ,नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री, जिला पंचायत सीईओ विवेक ए बी सहित समस्त जिलों के कलेक्टर, सहित समस्त संभागीय अधिकारी मौजूद थे।



## सोनभद्र पुलिस का अनवरत प्रहार, एसओजी/ स्वाट टीम व चोपन पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 03 अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करों को किया गिरफ्तार

सिंगाजी समाचार ▶▶| राजू जायसवाल

सोनभद्र चोपन। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तस्करों के विरुद्ध सोनभद्र पुलिस के निरन्तर प्रहार की कड़ी में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यायल) शकालू सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर डॉ0 चारू द्विवेदी के पर्यवेक्षण में प्र0नि0 विजय कुमार चौरसिया नि0 इरफान अली हे0का0 सतीश पटेल हे0का0 संजय चौहान का0 रितेश पटेल का0 प्रेम कुमार चौरसिया का0 जयप्रकाश सरोज थाना चोपन निरीक्षक रामस्वरूप वर्मा प्रभारी एसओजी जनपद सोनभद्र/ स्वाट/ उ0नि0 नागेश सिंह प्रभारी सर्विलांस जनपद सोनभद्र मिली मुखबिर की सूचना पर संयुक्त टीम बनाकर 28.09.2023 को समय 6 बजे वाराणसी-शक्तिनगर राज्य मार्ग पर परासपानी चोरपनिया जंगल के मोड़ के पास से एक किया कार संख्या डऊ15 6762 की डिग्गी में 02 बोरे में छिपाकर उड़ीसा प्रान्त से गांजा ले जा रहे 76 किग्रा 500 ग्राम अवैध गांजा जिसकी(अनुमानित कीमत रुपया 12 लाख) के साथ 03 नफर अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार







किया गया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों से पूछताछ करने पर अपना नाम राम साहू पुत्र लक्ष्मण साहू निवासी ग्राम ऐंलापाली टाटर किला, थाना बाउनसुनी, जनपद बौद्ध उड़ीसा उम्र करीब 26 वर्ष,परिक्षित बारिख पुत्र शंभू बारीख (तेली) निवासी ग्राम बुरामाल, थाना बाउनसुनी, जनपद बौद्ध उड़ीसा उम्र करीब 32 वर्ष चिंतामणि खदुआ पुत्र गणेश शाहू निवासी ग्राम ऐंला पाली टाटर किला, थाना बाउनसुनी, जनपद बौद्ध उड़ीसा उम्र करीब 26 वर्ष के उपरोक्त मादक पदार्थ की मात्रा मिली।

गिरफ्तारशुदा से सघन पूछताछ करने पर बताया कि बरामद गांजा का आर्डर 03 व्यक्तियों ने किया था जिसका नाम क्रमशः गोरेलाल उर्फ बाबूलाल केशरवानी निवासी घटवा तरौली करछना प्रयागराज, राम दरस मालवीय निवासी ग्राम तीता बरया, थाना हलिया, मिजार्पुर, अभय मालवीय पुत्र राम दरस मालवीय निवासी मिजार्पुर दिया था जिसे हम तीनों लोग उड़िसा से गांजा ले जाकर उन लोगों को डिलवरी करना था।गिरफ्तार अभियुक्तो से पूछताछ करने पर इस बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना चोपन पर मु0 अ0 सं0 -199 /2024 धारा 8/20/29/60 ठउ्ढर अ्ू्र का अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है इस सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा द्वारा 25 हजार रुपये के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है।

## पचमढ़ी छावनी परिषद ने कराई नए प्रकार की मैराथन।




अविनाश साहू/पचमढ़ी।छावनी परिषद द्वारा एक नई पहल एक नई मैराथन दौड़ करवाई गई जिसमें बच्चों को और पचमढ़ी के नागरिकों को थैली देकर उनसे कहा गया कि आपको कचरा उठाते हुए भागना है और जो सब से ज्यादा प्लास्टिक बोतल और पॉलिथीन उठायेगा उसे विजेता घोषित किया जाएगा। इस दौड़ को बच्चों और पचमढ़ी के नागरिको के द्वारा चैलेंज के रूप में स्वीकार किया गया और लगभग 4 से 5 किलोमीटर तक कचरा उठाते हुए होटल ग्लेन व्यू मैं दौड़ समाप्त की । होटल ग्लेन व्यू में मध्य प्रदेश टूरिज्म की तरफ से बच्चों के लिए चाय नाश्ते का इंतजाम किया गया। पचमढ़ी के सीईओ और छावनी परिषद के पार्षदों ने इस मैराथन के लिए लोगों में उत्साह और जागरूकता लाने के लिए उनके साथ कचरा उठाते हुए 4 से 5 किलोमीटर की मैराथन को कंप्लीट किया।

## 5 साल की मासूम के साथ दरिंदगी करने वाला आरोपी पुलिस की गिरफ्त में



सिंगाजी समाचार/हरदा। छीपाबड़ थाना क्षेत्र की 5 साल की मासूम बालिका के साथ दरिंदगी करने वाला आरोपी सुनील कोरकू को रविवार को रहटगांव थाना क्षेत्र के गांव नजरपुरा में मक्का के खेत से पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी सात दिनों से फरार चल रहा था। हरदा से बैतूल और खंडवा की सीमा तक 250 किमी क्षेत्र में फैले जंगल में ड्रोन के जरिए आरोपी की तलाश की जा रही थी। एसपी अभिनव चौकसे खुद भी जंगल में डेरा डाले रहे। आरोपी पर 10 हजार का ईनाम घोषित किया गया था। चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपी पहले भी एक रेप केस में 3 साल की सजा काट चुका है।वही दुष्कर्म करने वाले आरोपी ने जहर खा लिया जिसे भोपाल रेफर किया गया।

## बनखेड़ी प्रवास पर रहे जिला महामंत्री चन्दन ठाकुर।



कमलेश नामदेव, बनखेड़ी। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला महामंत्री चंदन ठाकुर बनखेड़ी प्रवास पर रहे प्रथम नगर आगमन पर संगठन के कार्यकत्ताओं ने बड़ी संख्या में ढोल नगाड़ों फूल मालाओं के साथ स्वागत किया जिसमे जिला के जिला सत्संग प्रमुख कृष्णा मेहरा , जिला अध्यक्ष वृंदावन कुशवाह, जिला कार्यकारी अध्यक्ष मनीष प्रजापति, दिनेश कुशवाहा रामगोपाल नोरिया बनखेड़ी नगर से सतीश सराठे,गोलू कुशवाहा ,हर्ष शर्मा अंकित मेहरा , अंकित पटेल ओमप्रकाश मेहरा,पंकज यादव, शिवम ठाकुर, साहिल ,दुर्गेश ,मंगल ,सुखदेव, दिनेश राजा दीपांसु सरवन नितिन एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे माननीय प्रवीण तोगड़िया जी के आवाहन पर बनखेड़ी तहसील हनुमान मंदिर जाकर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया बनखेड़ी तहसील अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा ग्राम ईसरपुर में जाकर ग्राम की कार्यकारिणी का गठन किया गया नये युवाओं को बजरंग दल की शपथ दिलायी।

## सुदूर सड़क दलदल में तब्दील हुई, ग्रामीणों का आरोप,नहीं हुआ ठीक से कार्य।

सिंगाजी समाचार ▶▶| संजू सिलावट

**गोटेगांव। समीपवर्ती ग्राम पंचायत टिकरी के द्वारा चार साल पहले सुदूर सड़क योजना के तहत करीब 15 लाख रुपए की लागत से गांव बटोरी से सिवनी तक सड़क का निर्माण किया गया था। इस बात की गवाही पंचायत के द्वारा निर्मित शिलालेख से मिल रही है। वहीं उक्त सड़क से चलने वाले लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण में कोई राशि नहीं लगाई थी वरना सड़क की हालत ऐंसी नहीं होती जैंसी वर्तमान समय में नजर आ रही है।ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत ने कागजों में ही सुदूर सड़क का निर्माण कर दिया है।**

इसलिए वर्तमान समय में सुदूर योजना की सड़क पूरी तरह से दलदल में तब्दील हो गई है। गांव के लोग उक्त सड़क से बड़ी मुश्किल में निकल पाते है। पूरी सड़क कच्ची होने के



कारण जहां देखों वहां पर दलदल की स्थिति बनी हुई है। इस सड़क से दो पहिया वाहन बड़ी मुश्किल से ही निकल पाते है।गांव के नागरिको का कहना है कि इतनी राशि चार साल पहले खर्च होती तो वहां पर मुरम बजरा का थोड़ा बहुत हिस्सा नजर आता। मगर ऐंसा कहीं पर भी नजर नहीं आता है सिर्फ काली मिट्टी के अलावा सड़क पर कुछ भी नजर नही आता है। इस सड़क को नए सिरे से निर्मित करवाया जाए ताकि गांव वालों को बटोरी से सिवनी तक आने जाने की समुचित व्यवस्था हो सके और उनको सड़क सुविधा का लाभ मिल सके।

# सामाजिक परिवेश को स्वच्छ रखना प्रत्येक नागरिक का उत्तरदायित्वः कुलपति

**विश्वविद्यालय के एनसीसी-एनएसएस वालंटियर्स, शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने परेड मंदिर में किया श्रमदान**

सिंगाजी समाचार ▶▶| ज्योति शर्मा

सागर।डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के 3 एमपी सिग्नल कंपनी एनसीसी के कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवकों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सामाजिक सेवा और सामुदायिक विकास कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें 250 लोगों ने भाग लिया। उस दौरान परेड मंदिर के भीतरी परिसर एवं बाहरी परिसर की साफ-सफाई की गई। विश्वविद्यालय के सहयोग से स्वच्छता सामग्री भी उपलब्ध कराई गई। परिसर में वाहन पार्किंग, कचरा न फेंकने और उचित जगह पर कचरा फेंकने हेतु डिस्प्ले बोर्ड एवं अन्य आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध कराई गई। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के निर्देशन में संपन्न हुआ। कैडेट्स और स्वयंसेवकों ने उत्कृष्ट अनुशासन और समाज सेवा की भावना का प्रदर्शन किया, जिससे सामुदायिक कल्याण में उनका योगदान स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने इस अवसर पर सभी कैडेट्स, स्वयंसेवकों और अधिकारियों की सराहना करते हुए समाज सेवा को प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। भारत सरकार के भी इस संबंध में दिशा निर्देश हैं कि हम शैक्षणिक संस्थान होने के नाते अपने समाज



को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें और स्वच्छता हेतु श्रमदान करें। वर्ष में 100 घंटे स्वच्छता हेतु श्रमदान करने का संकल्प अभियान भी पूरे देश में चल रहा है जो लोगों को प्रेरित कर रहा है।इस दौरान एएनओ लेफ्टिनेंट गौतम प्रसाद, जेसीओ सूबेदार टापा, नायब सूबेदार जरनैल और एनसीओ सीएचएम आई.एम. शर्मा ने कार्यक्रम के संचालन में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रो डी के नेमा, प्रो सुशील काशव, डॉ एस पी उपाध्याय, डॉ राकेश सोनी, डॉ संजय शर्मा, डॉ गौतम प्रसाद, राहुल गोस्वामी, इंजी सिंघई सहित विवि के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## विजय दशमी उत्सव समिति ने किया दशहरा मैदान का भूमि पूजन।

सिंगाजी समाचार ▶▶| धर्मेन्द्र बोयद

आष्टा।प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी विजय दशमी उत्सव समिति के तत्वाधान में आस्था और उत्साह के साथ विजय दशमी का पावन पर्व मनाया जाएगा। इस वर्ष भी करीब 71 फीट के रावण के पुतले का निर्माण रावण निर्माण के कलाकार करेगे। इस दौरान धरती से आसमान तक जोरदार आतिशबाजी का प्रदर्शन किया जाएगा।रविवार को विजय दशमी उत्सव समिति के अध्यक्ष हरेंद्र ठाकुर मायसेम , हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष कालू भट्ट,पंडित मनीष पाठक,समाज सेवी विजेंद ठाकुर ने पूरे विधि विधान के साथ भूमि पूजन किया,इस अवसर आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ,नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिह मेवाड़ा ,वरिष्ठ समाज सेवी शेष नारायण मुकाती,सकल समाज के अध्यक्ष श्री अनिल श्रीवास्तव, एसडीओपी आकाश आमलकर, टी आई रविंद्र यादव के मार्गदर्शन में

बड़े दशहरा मैदान पर भूमि पूजन किया गया।इस अवसर पर अध्यक्ष हरेंद्र ठाकुर ने बताया की असत्य पर सत्य की विजय का पर्व विजय दशमी का पर्व बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ बनया जाएगा इसकी तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही है। विजय दशमी उत्सव समिति की कार्यकारणी का गठन भी किया जाएगा ,इस मौके पर पराम्परानुसार भगवान श्रीराम के द्वारा रावण का वध किया जाएगा।राम बरात का आकर्षक चल समारोह विजय दशमी पर भाऊ बाबा मंदिर से



एक बजे प्रारंभ होगा जो की नगर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ छोटा दशहरा मैदान पहुंचेगा वहा परंपरा गत छोटे रावण का दहन कर , बड़े दशहरा मैदान पर पहुंचेगा भूमि पूजन के कार्यक्रम ,नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष कैलाश परमार,पार्षद तेज सिंह राठौर,पार्षद रवि शर्मा ,दिनेश शर्मा ,रूपेश राठौर,पंकज यादव,उमेश शर्मा,योगेंद्र ठाकुर, विनीत सिंघी ,राजीव गुप्ता,राजेंद्र सिंह ठाकुर,जितेंद सोभाखेड़ी,कुशल पाल लाला,आनंद गोस्वामी ,सुभाष नामदेव,कमल ताम्रकार, लखन पाटीदार, नरेंद्र डोंगरे,हरेन ठाकुर,अरविंद जटाखेड़ा , विशाल राठौर, रुद्राक्ष कुशवाहा,विकास डाबी,अमन चावलिया,जितेंद्र दुबो,रजत सोनी,श्याम परमार, सीटू सिलालरी, ,प्रणय नाकोड़ा,सुशील कुशवाह ,विकास डाबी योगेश विश्वकर्मा,यश ताम्रकार, योगेश विश्वकर्मा,गणेश सोनी, विमल राठौर सुभम ठाकुर,विजय भाटी, दीपू ठाकुर,विजय राठौर,राहुल ठाकुर, सुरज ठाकुर,राहुल भज्जी मेवाड़ा, राजा मेवाड़ा,देवेंद्र राजपूत,उपस्थित रहे।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल दीनदयाल प्रखड में समिति दर्शन मोहल्ला बैठक हुई संपन्न।

सिंगाजी समाचार ▶▶| कौशल बैरागी

**भोपाल। भानपुर राधा कृष्ण शादी हाल स्थित विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल दीनदयाल प्रखंड समिति दर्शन मोहल्ला समिति सत्यापन के निर्मित बैठक संपन्न हुई मुख्य वक्ता, मध्य भारत प्रांत प्रचार प्रसार प्रमुख जितेन्द्र चौहान ,ने अपने उद्बोधन में सभी कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया उन्होंने बजरंगदल के नियमित कार्यो को बताया बजरंगदल द्वारा हिंदू मान विंदुओ की रक्षा लव जिहाद धर्मांतरण आदि विन्दुओ पर भी कार्यकताओं को अवगत कराया ।**

कार्यक्रम में प्रांत सत्संग प्रमुख हरि ओम शर्मा , जिला वीरसावरकर




मंत्री नितिन साहू जिला वीरसावरकर संयोजक अभिषेक शर्मा जिला सह सेवा प्रमुख दीनदयाल प्रखड प्रभारी विष्णु शिल्पकार दीनदयाल प्रखड अध्यक्ष आंनद मेथिल , उपाध्यक्ष सुनील हरयान एवं दीनदयाल प्रखड मंत्री धर्मेन्द्र विश्वकर्मा प्रखड संयोजक नीरज साहू प्रखंड सहसंयोजक राम बाबू सेन एवं जहांपीर पिपलिया ईकाई, खंड एवं भानपुर खंड, कल्याण नगर, शबरी नगर, पटेल कालोनी, नींबू कालोनी, के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुलिस चौकी झोतेश्वर में शांति समिति की बैठक हुई संपन्न

सिंगाजी समाचार ▶▶| संजू सिलावट

गोटेगांव थाना गोटेगांव अंतर्गत पुलिस चौकी झोतेश्वर में आगामी त्यौहार के पावन पर्व को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखि डेका के निर्देश पर झोतेश्वर पुलिस चौकी परिसर में एक अति आवश्यक बैठक आयोजित की गई बैठक में गोटेगांव एस.डी.ओ.पी श्रीमती भावना मरावी थाना प्रभारी प्रदीप सराफ एवं चौकी प्रभारी रितु उपाध्याय ने शांति समिति की बैठक में ग्राम के बुद्धिजीवी नागरिकों एवं सामाजिक एवं समस्त समुदाय के लोगों से त्योहारों के दौरान शांति बनाए रखने की अपील के के साथ ही मौजूद समस्त विभाग के अधिकारियों द्वारा व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने पर चर्चा की गई बैठक में विद्युत विभाग,राजस्व विभाग के अधिकारी पत्रकार बंधु जनप्रतिनिधि शांति समिति सदस्य समेत ग्रामवासी उपस्थित रहे।



